वर्ष- 21 अंक - 348 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 3 जून 2026



# फटे बादल, आया सैलाब

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के डोडा, किश्तवाड़ और पुंछ जिलों में भारी बारिश के बाद बादल फटने और अचानक आई बाढ़ ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। डोडा के ठठरी क्षेत्र और किश्तवाड़ जिले के सरथल तथा माछीपाल इलाकों में तेज बारिश के चलते फ्लैश फ्लड की स्थिति बन गई। कई स्थानों पर भूस्खलन और मलबा आने से सड़कें बंद हो गईं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। बड़ी तादाद में वाहन फंस गए और कई क्षतिग्रस्त हो गए। रिहायशी इलाके पानी में डूब गए, गाड़ियां मलबे में दब गई, सड़कों पर सैलाब आ गया।

### सड़क धंसी, पलटी गाड़ियां

उत्तरप्रदेश के आगरा में तेज बारिश से सड़कें और फुटपाथ धंस गए इससे ट्रैक्टर ट्राली, कार और ट्रक पलट गए।

# रिजर्व बैंक ने बेचा 12 अरब डॉलर का सोना

## शेयर बाजार हुआ धड़ाम, 800 अंकों का गोता

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिका-ईरान संघर्ष से बढ़े आर्थिक दबाव के बीच आरबीआई ने विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचा है। ये दावा एक रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट में रुपये को सहारा देने के प्रयासों का भी जिक्र है। इस बीच शेयर बाजार आज फिर धड़ाम हो गया। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स में 800 अंकों और निफ्टी में 200 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स अपने पिछले बंद 74,649.84 के स्तर से बुरी तरह फिसलकर 74,507 पर खुला और फिर कुछ ही मिनटों में ये 890 अंकों की गिरावट लेकर 73,759 के लेवल पर कारोबार करता नजर आया।

## फायरिंग पर पलटे खान सर, क्लास बंद

**पटना.एजेंसी।** पटना में दो प्रसिद्ध कोचिंग संस्थानों के बीच हुई आपसी लड़ाई के बाद खान सर ने अपनी कोचिंग सेंटर के बाहर गोली चलने की बात कही थी, लेकिन अब वे अपने बयान से पलट गए। पुलिस ने भी फायरिंग की घटना से इंकार किया है। इस घटना के बाद खान सर की कोचिंग क्लास फिलहाल बंद है।

### भारत पर फिर टैरिफ लगाएंगे ट्रंप

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिका एक तरफ भारत से ट्रेड डील कर रहा है वहीं दूसरी तरफ भारत पर फिर से टैरिफ लगाने की तैयारी भी कर रहा है। अमेरिका ने टैरिफ लिस्ट में चीन, बांग्लादेश और भारत का नाम रखा है, लेकिन पाकिस्तान को इसमें छूट देने की तैयारी कर रहा है।

## मौत के 3 महीने बाद सुपुर्द-ए-खाक होंगे खामेनेई, पहुंचेंगे 2 करोड़ लोग!



**तेहरान.एजेंसी।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के तीन महीने बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। देश के कई बड़े शहरों में उनका शोक जुलूस निकाला जाएगा। तेहरान में मुख्य कार्यक्रम 24 घंटे तक चलेगा, जहां 2 करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।ईरान की सरकार ने खामेनेई के जनाजे के लिए तीन दिनों के राजकीय शोक और सार्वजनिक अंतिम संस्कार का ऐलान किया है।

### कुवैत में यूएस बेस पर दूसरा मिसाइल हमला

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया है कि ईरान ने कुछ ही घंटों में दूसरी बार कुवैत की तरफ हमले की कोशिश की है। अमेरिकी डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया और किसी भी अमेरिकी सैनिक या सैन्य संपत्ति को नुकसान नहीं हुआ। इससे कुछ ही देर पहले अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन पर एक साथ मिसाइल हमले की जानकारी दी थी।

# पूर्व जज गिरिबाला सिंह अब कैदी नंबर 71

## जेल में मिली थाली-कटोरी और चादर





**भोपाल.एजेंसी।** ट्विशा शर्मा डेथ केस में पूर्व जज गिरिबाला सिंह अब भोपाल सेंट्रल जेल की कैदी हैं। ट्विशा की मौत मामले में उन्हें और उनके बेटे समर्थ सिंह को सेंट्रल जेल भेज दिया गया। गिरिबाला सिंह को महिला मेडिकल सेक्शन में रखा गया है, जहां उनकी पहचान अब कैदी नंबर 71 से होगी। वहीं समर्थ सिंह को जेल की बैरक नंबर-4 में रखा गया है, जो कैदी नंबर 1782 हैं। जेल मैन्युअल के मुताबिक, दोनों को दैनिक उपयोग का सामान उपलब्ध कराया गया है। इनमें थाली, कटोरी और चादर जैसी जरूरी वस्तुएं शामिल हैं।

## बंटी, बबली और बहू ने एक ही परिवार के 4 लोगों को मार दिया

**प्रयागराज.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के एक करोड़पति परिवार के चार लोगों की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। तीन लाशें घर मिली और एक लाश दुकान में मिली। घर की दीवारों और एक बोर्ड पर यह लिखा पाया गया है कि 'बंटी-बबली' और बहू ने मारा है'। मृतकों के शरीर पर चोट के निशान पाए जाने से अब हत्या मानकर ही पड़ताल हो रही है।

# मुंबई से फरार आतंकी हुजैफा गिरफ्तार

## दाऊद के करीबी मुन्ना झिंगाड़ा से था लिंक

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र एटीएस और स्पेशल सेल के संयुक्त अभियान में फरार आतंकी हुजैफा को मुंबई से हिरासत में लिया गया है। उसे पकड़ने के लिए पिछले तीन दिनों से लगातार छापेमारी की जा रही थी। जांच में सामने आया है कि वह पाकिस्तान में बैठे दाऊद इब्राहिम के करीबी सैयद मुदस्सर हुसैन उर्फ मुन्ना झिंगाड़ा के संपर्क में था।

**131 बांग्लादेशी पकड़े-** गुजरात में अहमदाबाद पुलिस ने अवैध घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 131 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। ये लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे थे।

**अस्पताल पर ग्रेनेड हमला-** पंजाब में गुरदासपुर के मुल्तानी अस्पताल में ग्रेनेड से हमला हुआ जिससे हड़कंप मच गया। इस मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

**बम की धमकी-** अहमदाबाद के स्पोर्ट्स क्लब में बम धमकी भरा नोट मिलने से हड़कंप मच गया। नोट में दाऊद इब्राहिम, लश्कर-ए-तैयबा और 21 जून को धमाके की धमकी का जिक्र है।

### न्यूज ब्रीफ...



## कर्नाटक में आज से 'डीके राज'

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार आज राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। 64 साल के नेता डीके शिवकुमार का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम 4:05 बजे लोक भवन के 'ग्लास हाउस' में होगा, जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। नई सरकार में करीब 13 मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है।

### टक्कर के बाद बस में आग 7 की मौत, 43 घायल

**सूरत.एजेंसी।** सूरत में दो यात्री बसों की टक्कर के बाद आग लग गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 43 यात्री घायल है।

### अब 24 जुलाई को होगा ट्रंप का डिनर

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉडेंट्स एसोसिएशन का सालाना डिनर 25 अप्रैल को ट्रंप पर हुए हमले के कारण टाल दिया गया था। अब इसे 24 जुलाई को द वाल्डोर्फ एस्टोरिया में आयोजित किया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और बताया कि वो खुद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और भाषण देंगे।

### मस्जिद, कब्रिस्तान और मंदिर पर चला बुलडोजर

**काशी.एजेंसी।** वाराणसी में काशी रेलवे स्टेशन को मल्टी-मॉडल टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित करने की परियोजना के तहत आधी रात बुलडोजर कार्रवाई की गई। इस दौरान रेलवे भूमि पर बने हनुमान मंदिर, अजगैब शहीद मस्जिद और कब्रिस्तान से जुड़े निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। इसी तरह मुंबई में भी अवैध अतिक्रमण कर बनी मस्जिद को जमींदोज कर दिया गया।

### जापान में पाकिस्तानियों ने बिना परमिशन बनाई मस्जिद

**बुधवार.एजेंसी।** जापान के कावागोए शहर में पाकिस्तानी समुदाय ने बिना अनुमति के मस्जिद बना ली। प्रशासन अब इस मस्जिद को तोड़ने की तैयारी कर रहा है।

### पाक सेना ने ढेर किए 17 बलूच लड़ाके

**बलूचिस्तान.एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी सैन्य कार्रवाई को अंजाम देते हुए 17 बलूच लड़ाकों को मार गिराया। पाक सेना ने पिछले हफ्ते हुए घातक ट्रेन हमले का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की। विद्रोहियों के ठिकानों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है।



## सांसद ने अपने ही समाज के परियानी को दी बधाई

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सांसद शंकर लालवानी ने अपनी ही सिंधी समाज से जुड़े जेकब आबाद पंचायत के अध्यक्ष और सिंधु मेडिकल एसोसिएशन के चेयरमेन डॉ. जय कुमार परियानी को सामाजिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में की जा रही सेवाओं पर बधाई दी। पंचायत द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

## कांग्रेसियों ने किया गांधी प्रतिमा पर आयोजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ता आगे लाओ मिशन के जीतू दीवान ने पटवारी पर की गई टिप्पणी को लेकर गांधी प्रतिमा के समक्ष अपने साथियों के साथ एकत्रित होकर गंगा जल का उपयोग कर कार्यक्रम आयोजित किया।

## यातायात व्यवस्था चरमराई -जैन

### पुलिस का ध्यान केवल चालान बनाने और वाहन उठाने तक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जैन ने इंदौर ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस का पूरा ध्यान केवल वाहनों को उठाकर चालान बनाने और क्रेन संचालकों को लाभ पहुंचाने तक सीमित होकर रह गया है। जैन ने कहा कि दवा बाजार-एमवाय रोड क्षेत्र में सड़क निर्माण जिसके कारण यातायात अवरुद्ध हो रहा है, डिवाइडर लगाकर आवागमन को यहां सीमित कर दिया गया है। ऐसे में पुलिस का दायित्व बनता है कि जहां रोड बाधित हो वहां का यातायात डायवर्ट करने के साथ उसकी व्यवस्था भी चाकचौबंद करें। इतने बड़े दवाबाजार के वाहनों को पार्किंग करने और वहां आने-जाने के अलावा इस रोड पर बड़ी संख्या में दवाइयों की दुकान है और एमवाय अस्पताल पर भी यातायात का दबाव बना रहता है। आनन्द जैन ने कहा कि पुलिस केवल रोड से वाहनों को उठाने पर ध्यान दे रही हैं और जगह-जगह चालानी कार्रवाई कर रही है, जबकि यातायात को संभालना चाहिए। आनन्द जैन ने कहा कि उनके खुद के साथ यातायात पुलिस ने घटना घटित की। उनकी एक्टिवा क्रमांक एमपी-09-8994 को दवा बाजार से पुलिस से संबंधित वाहन उठा ले गया, जबकि उनका वाहन एक तरफ खड़ा था और जब वाहन के लिए वे संबंधित थाना पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने कहा कि आप तो 1 हजार रु. दे दो आपका चालान बना है और रसीद दे दी जाएगी। इस पर कासलीवाल ने कहा कि उनका वाहन एकतरफ खड़ा था उसके प्रमाण भी मेरे पास है। जैन ने कहा कि वे कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता है और जनहित के मुद्दे उठाते हैं। इस पर भी पुलिस का कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला और जब वहां मौजूद पुलिसकर्मी से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नम्बर मांगे तो नम्बर भी नहीं दिए गए। पुलिस ने यह भी बताया कि पेट्रोल पम्प संचालक ने वाहन पार्किंग पर आपत्ति की थी और उसी आधार पर वाहन को पुलिस ने साइड में खड़ा होने के बाद उठाया। आनन्द जैन कासलीवाल ने कहा कि उनके साथ हुई घटना की पूरी निष्पक्ष जांच पुलिस कराए। आम लोगों के साथ पुलिस क्या करती है यह सभी जानते हैं।

## कैसी विद्युत कटौती और कैसी डगालों की छंटाई-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नरसिंह कुण्डलवाल ने बताया कि वर्षा पूर्व म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी विद्युत प्रदाय में कटौती कर मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत वितरण के ऊपर एवं आसपास के तारों से लगें पेड़ों की छंटाई का काम करतीं हैं तो दूसरी ओर नगर निगम का उद्यान विभाग भी इसी तरह की छंटाई का दावा करता है। परंतु कल थोड़ी सी तेज़ हवा एवं आंधी में शहर के चारों ओर अनेकों पेड़ों की डालियां बिजली के तारों पर गिरी और कई जगहों पर तो पेड़ जड़ों से उखड़कर धराशायी हों गयें। इससे दोनों विभागों के मेंटेनेंस की पोल खुल गई। वार्ड क्रमांक-83 में तो क्षेत्र के नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों से खतरनाक पेड और डगाल के लिए पत्र भी लिखा है लेकिन ध्यान नहीं दिया और दो पेड वाहनों पर गिरे और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। क्या इसके लिए निगम अपने ऊपर जिम्मेदारी लेगा। बरसात का सीजन तो शुरू भी नहीं हुआ है और ऐसे में विद्युत घंटों तक बंद होना विद्युत मडंल के मेंटेनेंस की पोल को खोलता है। नरसिंह कुंडवाल ने कहा कि झोन स्तर से लेकर विद्युत मंडल के बडे अधिकारियों पर भी कार्रवाई होना चाहिए। लगातार दो दिनों तक बिजली गुल हुई और सोमवार को तो घंटों तक बिजली नहीं आई और मंगलवार को भी हवा के साथ पानी गिरा तो बिजली बंद हो गई। गुमाश्ता नगर, स्कीम नं. 71, द्रविड नगर, सुदामा नगर, उषानगर, समाजवादी इंदिरा नगर सहित अन्य क्षेत्रों में कल भी बिजली बंद रही। इन क्षेत्रों में स्कूल, कालेज, अस्पताल और धार्मिक स्थल बडी संख्या में है। लोग परेशान हो रहे है। विद्युत मडंल विद्युत कटौती के बाद कोई बयान जारी नहीं करता है लेकिन गर्मी में खपत बढ़ती है और मेंटेनेंस किया जाता है तो उसकी बड़ी-बडी बाते की जाती है।



## महापौर समर्थकों ने की थाना जाकर शिकायत, मामला अशोभनीय टिप्पणी का

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कालापीपल जनपद उपाध्यक्ष अखलेश पाटीदार द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर अशोभनीय टिप्पणी को लेकर मल्हारगंज थाने पर ज्ञापन देकर एफआईआर की मांग की। इस दौरान शिकायत करने वालों में महापौर समर्थक शुभम सोलंकी, महेश पथरोड़, शैलू दवे, रवि प्रजापत सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दो बहुमंजिला पार्किंग ठेके पर देने की पांचवीं बार कोशिश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। **नगर निगम के द्वारा दो बहुमंजिला पार्किंग ठेके पर देने की पांचवीं बार कोशिश की जा रही है। निगम इन दोनों पार्किंग से 70 लाख रुपए प्रतिवर्ष की कमाई करना चाहता है।**

नगर निगम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए बहु मंजिला पार्किंग बनाए गए हैं। यह पार्किंग पेमेंट वाली सुविधा पर आधारित है। इससे आशय है कि यदि कोई व्यक्ति इस पार्किंग में जाकर अपनी गाड़ी को सुरक्षित खड़ा करता है तो उसे गाड़ी खड़ी करने का शुल्क देना पड़ता है। यह शुल्क ही पार्किंग का संचालन करने वाले की कमाई होता है। निगम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में निर्मित किए गए बहु मंजिला पार्किंग का संचालन स्वयं करने के बजाय दूसरे निजी क्षेत्र के लोगों को ठेके पर देने का कार्य किया जा रहा है। इस तरह का कार्य करने से नगर निगम को फायदा यह है की पार्किंग का संचालन करने में उसे अपने व्यक्ति भी नहीं लगाना पड़ेंगे और चिंता भी नहीं करना पड़ेगी। निजी क्षेत्र के व्यक्ति के द्वारा संचालन किए जाने पर नगर निगम को हर महीने की एक निश्चित कमाई हो जाया करेगी। निगम के द्वारा योजना क्रमांक चोपन में होटल फॉर्च्यून लैंडमार्क तथा रघुनाथ पेट्रोल पंप के पास में दो अलग-अलग बहुमंजिला पार्किंग बनाए गए हैं। यह पार्किंग ठेके पर देने के लिए नगर निगम के द्वारा पांचवीं बार कोशिश की जा रही है। इसके लिए निगम की ओर से उक्त पार्किंग ठेके पर लेने में रुचि रखने वाले व्यक्ति अथवा फर्म से ऑफर बुलवाए गए हैं। निगम की ओर से इनमें से होटल के पास के पार्किंग के लिए 30 लाख रुपए तो पेट्रोल पंप के पास के पार्किंग के लिए 40 लाख रुपए प्रति वर्ष की न्यूनतम कमाई का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम के द्वारा पांचवीं बार कोशिश करते हुए यह देखा जा रहा है कि इस बार कम से कम कोई ना कोई तो पार्किंग को संचालन संधारण के लिए ठेके पर लेने के लिए आगे आ जाए। ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा उक्त पार्किंग को 5 साल के लिए ठेके पर देने का काम किया जा रहा है। इन दो पार्किंग के साथ ही नगर निगम के द्वारा अन्य स्थानों पर निर्मित किए गए बहु मंजिला पार्किंग को भी ठेके पर देने की पहल की गई है।

## छावनी का रास्ता वाहन चालकों के आने-जाने के लिए बंद

### निगम ने नागरिकों को दिए तीन वैकल्पिक मार्ग के सुझाव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। **नगर निगम के द्वारा छावनी में सड़क का निर्माण शुरू कर दिए जाने के कारण उस रास्ते को वाहनों के आने जाने के लिए बंद कर दिया गया है। निगम की ओर से नागरिकों को अपने वाहन लेकर आने और जाने के लिए चार वैकल्पिक मार्ग के सुझाव दिए गए हैं।**

नगर निगम के द्वारा मास्टर प्लान में प्रावधान की गई सड़क के निर्माण का कार्य पूरे इंदौर शहर में अलग-अलग स्थान पर शुरू किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के द्वारा मधु मिलन चौराहा से छावनी होते हुए जगन्नाथ धर्मशाला तक मास्टर प्लान की सड़क का निर्माण करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले पर क्रियान्वयन करने की दिशा में पहल करते हुए नगर निगम के द्वारा इस मार्ग पर स्थित करीब 200 मकान के हिस्से तोड़े गए थे। उक्त तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम देने के बाद नगर निगम के द्वारा वहां से मलवा उठाने का काम भी कर लिया गया है। निगम की ओर से जिस ठेकेदार को सड़क के निर्माण का ठेका दिया गया है उसे ही मलवा उठाने का काम भी सौंपा गया है। ऐसे में तोड़फोड़ के बाद की कार्रवाई के लिए नगर निगम को कोई चिंता नहीं करना पड़ी।

निगम के द्वारा दिए गए ठेके के आधार पर ठेकेदार के द्वारा उक्त सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इसके लिए सड़क के क्षेत्र में खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते हुए भी वाहन चालक वाहन लेकर जैसे तैसे वहां से गुजरने की कोशिश करते नजर आते हैं। इस स्थिति के कारण सड़क का निर्माण कार्य करने में ठेकेदार को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ठेकेदार की इस परेशानी को दूर करने के लिए अब नगर निगम की टीम आगे आई है। निगम की योजना शाखा के द्वारा सार्वजनिक सूचना के माध्यम से इस सड़क के निर्माण की अवधि के दौरान वहां से वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध 3 महीने के लिए लागू किया गया है। इससे स्पष्ट है कि यह मार्ग 31 अगस्त तक वाहन चालकों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। निगम के द्वारा इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को चार नए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने का सुझाव दिया गया है। इसमें निगम की ओर से नागरिकों से कहा गया है कि वह मधुमिलन चौराहा से एम वाय अस्पताल वाले मार्ग पर जाकर बीजेपी कार्यालय के सामने से होते हुए लक्ष्मी नारायण दूध दही भंडार के पास में आकर अपना कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरा विकल्प मार्ग मधु मिलन चौराहा से शिवाजी वाटिका होते हुए जीपीओ होकर छावनी चौराहा पर जाने का है जबकि तीसरा मार्ग मधु मिलन चौराहा से सरवटे बस स्टैंड की तरफ जाते हुए मिशन हॉस्पिटल के पास से होते हुए श्रद्धानंद मार्ग से छावनी चौराहा तक जाने का है।

# खतरनाक मकान जिंसी में कल के बाद आज भी तोड़ा

## बारिश का मौसम शुरू होने से पहले निगम की कार्रवाई शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने से पहले खतरनाक मकान तोड़ने की कार्रवाई को शुरू कर दिया गया है। निगम की टीम ने कल मंगलवार को एक मकान तोड़ दिया जबकि आज जिंसी का एक मकान तोड़ा।**




हमेशा जब बारिश का मौसम दस्तक देने लगता है तब नगर निगम का ध्यान खतरनाक मकान तोड़ने पर जाता है। खतरनाक मकान बारिश में गिर जाता है तो उसके कारण जन और धन की हानि होने की संभावना बनी रहती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की टीम के द्वारा हर साल ही बारिश का मौसम शुरू होने से पहले मकान तोड़ने की कार्रवाई को शुरू कर दिया जाता है। इस साल भी यह कार्रवाई नगर निगम के द्वारा शुरू कर दी गई है।

निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा कल मंगलवार के दिन पिंजारा बाखल में एक मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। रिमूवल गैंग के सदस्यों ने बताया कि इस मकान में दो दीवारें खतरनाक स्थिति में थी। इन दोनों दीवारों को कल तोड़ दिया गया। उसके पहले भवन स्वामी के नाम पर नोटिस जारी कर उसे खुद दीवार तोड़ने के लिए कहा गया था। भवन स्वामी के द्वारा जब नोटिस पर ध्यान नहीं दिया गया तो फिर निगम की टीम के द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई के बाद अब आज बुधवार के दिन नगर निगम के द्वारा दोपहर के समय पर रामगंज जिंसी में स्थित एक खतरनाक मकान को तोड़ने की कार्रवाई की। इस क्षेत्र में वैसे ही सड़क को चौडा करने के लिए नगर निगम के द्वारा बड़ी संख्या में मकान के हिस्से तोड़े गए हैं। यह तोड़फोड़ जिंसी चौराहा से लेकर महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक के क्षेत्र में की गई है। इसके अलावा नेमीनाथ जैन मंदिर से लेकर जिंसी चौराहा तक के क्षेत्र में निगम के द्वारा तोड़फोड़ के लिए नोटिस दिए जा चुके हैं। इस नोटिस के आधार पर लोगों के द्वारा स्वयं ही अपने निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद जिन लोगों के द्वारा अपने निर्माण नहीं हटाए जाएंगे उन लोगों के निर्माण हटाने के लिए निगम कार्रवाई करेगा।



### रोड की खुदाई के साथ पाइप भी पहुंचे

जिंसी क्षेत्र में चौड़ीकरण को लेकर एक तरफ लोग अपने आशियाने खुद तोड़ रहे हैं और कुछ अभी रूके हुए हैं भी है और इधर निगम ने जिंसी रोड चौड़ीकरण को लेकर रोड की खुदाई भी शुरू कर दी है। यहां ड्रेनेज, सीवरेज सहित अन्य पाइप भी डाले जाना है। यह पाइप भी पहुंच गए हैं।

# महापौर ने लिया सड़क निर्माण का जायजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए शहर की यातायात एवं आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज निर्माणाधीन एम.आर.-04 रोड एवं एम.आर.-12 रोड के विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। भार्गव ने अहिल्या आश्रम स्कूल से भागीरथपुरा होते हुए आईएसबीटी एम.आर.-10 तक निर्माणाधीन संपूर्ण एम.आर.-04 रोड परियोजना का जायजा लिया। इस मार्ग के निर्माण से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित होगा। साथ ही आगामी सिंहस्थ के दौरान बढ़ने वाले यातायात दबाव को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इसके पश्चात महापौर द्वारा एम.आर.-10 से एम.आर.-12 तक निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण की तकनीकी प्रगति, आवश्यक अधोसंरचनात्मक कार्यों एवं यातायात प्रबंधन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं।

# आज शाम फिर हवा और पानी के आसार

### *विशेषज्ञ ने कहा 2 से 3 दिन बना रहेगा ऐसा ही मौसम*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि पश्चिम विक्षोप के कारण उत्तर की तरफ से हवा और पानी का दबाव बन रहा है और इसी कारण तीन दिनों से इंदौर में तेज हवाएं चली और पानी भी गिरा। शर्मा के मुताबिक अभी इंदौर में ऐसा ही मौसम दो से तीन दिन तक रहेगा और आज शाम भी 4 बजे से लेकर 6 बजे तक इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में हवा चलेगी और पानी भी गिर सकता है। यह सब पश्चिमी विक्षोप के कारण हो रहा है। अभी जो हवा और पानी का माहौल है वह लोकल फार्मेस के कारण हो रहा है। इधर केरल में 2 दिनों में मानसून प्रवेश कर तटीय इलाके में पहुंचेगा। इंदौर में मानसून अभी पहुंचने में समय लगेगा।

## भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के खंडेलवाल का होगा सम्मान आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने धीरज खंडेलवाल का सम्मान और अभिनंदन कार्यक्रम शनिवार 6 जून को शाम 7 बजे से होटल एचआर ग्रीन पर आयोजित होगा। अजय सोढानी, राजेश खंडेलवाल ने बताया कि बड़ी संख्या में वैश्य महासम्मेलन से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य और समाजजन भी मौजूद रहेंगे। कई भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

# भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री के लिए सबनीस और महाजन का नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लम्बे समय से संघ के प्रकल्प में काम कर रहे दीनकर राव सबनीस के अलावा संघ के ही अभय महाजन का नाम संघ की ओर से प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री के लिए सामने आ रहा है। सूत्रों का कहना है कि इन दोनों में से ही एक नाम भाजपा ने तय कर लिया है। संभावना है कि इसी सप्ताह घोषणा भी कर दी जाएगी। सबनीस लम्बे समय से ग्राहक पंचायत से भी जुड़े रहे और उनके पास अभी राष्ट्र स्तर का भी प्रभार है और विगत दिनों उन्होंने अपना रामबली नगर का मकान भी संस्था को सहयोग के रूप में दिया था तब भी वे चर्चा में आए थे। अभय महाजन इन दिनों चित्रकूट में दीनदयाल संस्थान से जुड़कर कार्य कर रहे हैं। दोनों ही संघ से जुड़े वरिष्ठ माने जाते हैं।

## ट्रेजरी में आईडी पासवर्ड नहीं होने से रूका शिक्षकों का वेतन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कई शहरी क्षेत्र के शिक्षकों का वेतन इसलिए अटका है कि ट्रेजरी में लॉगिन आईडी पासवर्ड नहीं बन पाया था, इसीलिए शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों का वेतन विलम्ब हो रहा था। इस मामले में शिक्षा विभाग से जुड़े यूनियन ने भी जिला शिक्षा अधिकारी बीईओ को सूचना की थी और आखिरकार शिक्षा विभाग के बीईओ ने सभी संकुल प्राचार्यों को सूचना भेजी कि कर्मचारियों को सूचित कर दें, जैसे ही लॉगिन आईडी पासवर्ड ठीक होगा वैसे ही वेतन का समाधान हो जाएगा। जैसे ही आईडी पासवर्ड लॉगिन होंगे वैसे ही वेतन जनरेट हो जाएंगे।

# विद्युत मंडल डाल रहा है सॉरी के मैसेज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सोमवार को तेज हवाएं चलने और बारिश के बाद काफी देर तक इंदौर में लाइट बंद हुई थी और कुछ जगह तो घंटों तक बंद रही थी। यही स्थिति कल मंगलवार को भी विद्युत प्रदाय बंद होने की उस समय हुई थी जब हलकी हवा और पानी गिरा था। बार-बार लाइट बंद होने पर लोगों ने मुद्दे भी उठाए, कम्पलेंट भी की और कई क्षेत्रों में रात को लाइट बंद हुई तो विद्युत झोन पर फोन भी नहीं उठे थे यह भी शिकायत आई। अब आज से विद्युत मंडल ने अपने एक-एक उपभोक्ताओं को झोन अनुसार सॉरी मैसेज भेजना शुरू किया। विद्युत मंडल ने जो मैसेज भेजे उसमें लिखा है विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण जो असुविधा हुई उसके लिए खेद है, लाइन में आई खराबी


Forwarded
सम्माननीय उपभोक्ता, राजेश मुंगद २४२-२४३ जवाहर मार्ग ओल्ड-१८-१९ २४२-२४३ जवाहर मार्ग ओल्ड-१८-१९
विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण हुई असुविधा के लिए खेद है। लाइन में आई खराबी के सुधार का कार्य प्रगति पर है, शीघ्र ही विद्युत प्रवाह सुचारू कर दिया जायेगा। कृपया अपना सहयोग प्रदान करें। हम आपको 24×7 सेवा देने के लिए सदेव तत्पर हैं और अपने सभी उपभोक्ताओं को निरंतर एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
धन्यवाद।
10:00 AM

का सुधार का कार्य प्रगति पर है, शीघ्र ही विद्युत प्रवाह सभी दूर सुचारू कर दिया जाएगा। विद्युत मंडल ने हर उपभोक्ता से सहयोग भी मांगा। यह मैसेज म.प्र. पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के नाम से आज सुबह से सारे उपभोक्ताओं को भेजना शुरू किया गया।

## लाला बने अमझेरा हुसैनी अखाड़े के खलीफा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अमझेरा हुसैनी अखाड़े में अंसार लाला को अखाड़े का नया खलीफा नियुक्त किया। धार रोड स्थित बांक पंचायत के अध्यक्ष सोहराब पटेल ने बधाई दी।

# श्री यंत्र नगर में हजारों लीटर नर्मदा का पानी बर्बाद करने वाली टेलीकॉम कंपनी पर नगर निगम ने अब तक नहीं किया जुर्माना

## नगर निगम की सुस्ती से बढ़ रही लापरवाही ठेकेदार भी कर रहे जमकर भ्रष्टाचार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम में इन दिनों अधिकारियों के बीच सुस्ती का आलम छाया हुआ है जिसके चलते यहां काम करने वाले ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और वह भ्रष्टाचार को अंजाम देने से नहीं चूक रहे। पिछले चार दिनों में दो उदाहरण सामने आए हैं जिससे नगर निगम की स्वास्थ्य कार्रवाई पर सवाल उठाए जा रहे हैं। पहले श्री यंत्र नगर में खुदाई के दौरान नर्मदा की लाइन फोड़कर हजारों लीटर पानी बर्बाद करने वाली टेलीकॉम कंपनी पर अब तक नगर निगम ने कोई जुर्माना नहीं लगाया है, ना ही फाइन की कार्रवाई नगर निगम जल यंत्रालय से की गई है वहीं दूसरा मामला एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़ ने शहर के डिवाइडर की पुताई के दौरान पकड़ा जिसमें घटिया कलर का इस्तेमाल किया जा रहा था। पानी डालते ही कलर उखड़ गया। प्लास्टिक पेंट बताकर इस घटिया कलर को किया जा रहा था। पहले बात करते हैं नर्मदा के पानी की बर्बादी की। इंदौर शहर इस समय पानी के लिए त्राहिमाम कर रहा है। लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है यहां तक की टंकियां कब भरेगी यह भी किसी को पता नहीं होता। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं और पानी का इंतजार में बैठे हैं। निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपने सार्वजनिक फोन नंबर को डाइवर्ट करें बैठे हैं। रविवार 31 मई को श्री यंत्र नगर में नर्मदा की लाइन खुदाई के दौरान टेलीकॉम कंपनी ने फोड़ दी थी, 45 मिनट तक यहां नर्मदा का पानी रहवासियों को उनके हिस्से का नहीं मिला। मामले में जब नगर निगम जल यंत्रालय के अपर आयुक्त आशीष पाठक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि खुदाई का कार्य जलकारी विभाग से अनुमति लेकर किया जा रहा था लिहाजा जुर्माने की कार्रवाई जनकार्य विभाग द्वारा की जाएगी। इस विभाग के प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि नर्मदा के पानी की बर्बादी पर स्पॉट फाइन का कार्य जल यंत्रालय को करना चाहिए क्योंकि शहर में पानी की बर्बादी को लेकर नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी किए हैं जिसके तहत कार्रवाई की जा सकती है। लिहाजा कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। मंगलवार को जनकार्य विभाग के चीफ इंजीनियर पीएस कुशवाहा ने बताया कि कंपनी को नोटिस जारी किया जा रहा है लेकिन इसमें कितना जुर्माना लगाया जाएगा यह आकलन अभी नहीं किया गया है जांच के बाद यह कार्रवाई होगी। इसके साथ ही एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा भी चुप्पी साधे हैं जबकि कार्रवाई के लिए वह थाने पर धरना देने तक की कुबत रखते हैं लेकिन पानी की बर्बादी पर मुखर नहीं है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के काम में भ्रष्टाचार

नगर निगम में कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार इस स्तर पर पहुंच गया है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में किए जाने वाले कार्यों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। मामला सौंदर्य करण और यातायात विभाग से जुड़ा हुआ है जहां डिवाइडर की पुताई इतनी घटिया पेंट से की जा रही थी कि पानी डालते ही यह झड़ने लगा और ठेकेदार द्वारा इस पेन्ट को प्लास्टिक पेंट बताया गया। मौके पर जब यातायात विभाग के जिम्मेदार इंजीनियर को बुलाया गया तो इस मामले को लेकर उसे भी जानकारी नहीं थी जबकि मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी इंजीनियर और यातायात विभाग के प्रभारी एमआईसी की सदस्य है। हालांकि इस मामले में कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं और मामला एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़ ने निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को बताया है। आने वाले दिनों में नगर निगम द्वारा ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारी के लिए भी बड़े स्तर पर काम किए जाने हैं। पौधारोपण जैसे काम इस दौरान होंगे। इस दौरान इन कामों पर अपर आयुक्त स्तर के अधिकारियों की निगरानी की जरूरत है। क्योंकि प्रवासी भारतीय सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रमों में हुए विकास कार्यों के घोटाला की गुत्थी अभी भी नहीं सुलझी है।





# मूसाखेड़ी चौराहा पर लग रहा जाम

## रिंगरोड पर अभी भी खड़ी रहती है बसें

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रिंगरोड मूसाखेड़ी चौराहा पर ब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके चलते यहां रोजाना जाम लग जाता है। खास बात यह है कि सुबह भी लग जाता है। वहीं दूसरी ओर रिंगरोड पर सड़क किनारे यात्री बसें खड़ी हो जाती है। प्रशासन द्वारा कई बार इन बसों पर कार्रवाई की गई लेकिन बस आपरेटर फिर भी प्रशासन की नजरअंदाजी रवैये का फायदा उठाते है। यहां पर कई बसें रोजाना लाइन खड़ी नजर आती है।

# प्रदर्शनकारी बाबा भूतनाथ के भक्तों से मिले महापौर

## रात को धरना स्थल पर जाकर जानी समस्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रंगवासा स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर का रास्ता खुलवाने के लिए मंदिर से जुड़े श्रद्धालु कलेक्टर आफिस के सामने धरना दे रहे है। कल सुबह से यह धरना शुरू हुआ जो रात तक चलता रहा। रात को महापौर पुष्यमित्र भार्गव धरना स्थल पहुंचे और श्रद्धालु से चर्चा की।**

राऊ क्षेत्र के रंगवासा स्थित प्राचीन बाबा भूतनाथ मंदिर के रास्ते को लेकर चल रहा विवाद अब आंदोलन का रूप ले रहा है। मंदिर समिति से जुडे सदस्य और श्रद्धालु कल कलेक्टर चौराहा पर रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। दिन में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से कहासुनी भी हुई। रात करीब 10 बजे महापौर पुष्यमित्र भार्गव प्रदर्शनकारियों से मिलने पहुंचे। मंदिर समिति के रवीन्द्र पाटीदार ने उन्हें पूरा मामला समझाया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि मंदिर तक पहुंचने वाले मुख्य मार्ग पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है जिससे दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शनकारी क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारी पर भी आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा भी समिति सदस्यों को दिलवाया है।



## नवीन अभिभाषकों को शासकीय योजनाओं में शामिल करने की मांग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया कि अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नवीन अभिभाषकों को भी अधिवक्ता कल्याण योजना-1989 और परिवार कल्याण योजना का सदस्य बनाने की मांग की है, जिससे सभी नवीन अभिभाषकों को भी अधिवक्ता कल्याण योजना 1989 और परिवार कल्याण योजना में लाभ मिल सके।




### 15 दिन में नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला

# मूसाखेड़ी में जगह के चक्कर में उलझा सांदीपनी स्कूल निर्माण कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मूसाखेड़ी में टैंपो स्टैंड चौराहे के पास सरकारी स्कूल की जगह पर बनने वाले सीएम राइज स्कूल (अब सांदीपनी विद्यालय) का काम लंबे समय से जगह के चक्कर में अटका पड़ा है। जबकि शहर में अन्य तीन जगह नवीन स्कूल बिल्डिंग के नव निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहें है। हालांकि कुछ जगह रफ्तार धीमी जरूर है लेकिन अफसरों का दावा है कि बेहद जल्द इसी साल ज्यादातर जगह बिल्डिंग निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में आईडीए अफसरों द्वारा पूरी प्लानिंग के साथ मल्हार आश्रम, नंदानगर और पाल कांकरिया सहित शिवनगर में सर्व सुविधा के साथ नवीन स्कूल बिल्डिंग का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि इस बार आने वाले नवीन शिक्षा सत्र से पहले इन स्थानों पर चल रही स्कूल बिल्डिंग के संपूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द तय समय सीमा में पूरे हो जाए। हालांकि कुछ जगह

**बाकी जगह तेजी से चल रहा काम करोड़ों की लागत से शहर में आईडीए चार जगह पर करवा रहा स्कूल बिल्डिंग तैयार**

निर्माण कार्य पूरे हो गए है जबकि कुछ जगह तेजी के साथ चल रहे है।

**मूसाखेड़ी में जगह की कमी के कारण अटका नई स्कूल बिल्डिंग निर्माण-** गौरतलब है कि सीएम राइज योजना (अब सांदीपनी विद्यालय ) की करोड़ों रुपए लागत वाली नवीन स्कूल बिल्डिंग निर्माण का कार्य शहर में आईडीए (इंदौर विकास प्राधिकरण) द्वारा करवाया जा रहा है। जिसके तहत मूसाखेड़ी में सीएम राइज स्कूल के लिए क्षेत्र के जिस सरकारी स्कूल का चयन हुआ था वहां जगह की कमी के चलते जिस तय माप दंड में आधुनिक सुविधाओं के साथ स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जाना है वो नहीं हो पा रहा था। इसलिए यहां जगह की कमी के चलते प्रशासन और क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया सहित प्रोजेक्ट से जुड़े आईडीए अफसरों द्वारा विकल्प के तौर पर कृषि महाविद्यालय की जमीन भी देखी गई थी, लेकिन यहां कृषि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इसका विरोध किया गया और जगह देने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद से मामला ठंडे बस्ते में है। न प्रशासन इस मामले में कोई सुध ले रहा है और न जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे है। जिसके चलते अब हालात यह है कि आईडीए द्वारा शहर में चार अन्य जगह तो स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य तेजी के साथ करवाया जा रहा है, लेकिन मूसाखेड़ी में मिलने वाली सीएम राइज स्कूल की सौगात अधूरी रह गई। यहां जगह के चक्कर में अभी तक काम शुरू ही नहीं हो पाया।

## आत्महत्या करने वाले शराब ठेकेदार के घर पहुंची सीबीआई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कनाड़िया रोड स्थित दिनेश मकवाना रहते थे और कुछ माह पूर्व उन्होंने आत्महत्या कर ली थी और कई मुद्दे आत्महत्या के बाद उठे थे। अब इस मामले में कल सीबीआई टीम मकवाना के कनाड़िया रोड स्थित निवास पर परिजनों के बयान लेने पहुंची थी। मृतक की मां के बीमार होने की वजह और पत्नी अभी बयान देने की स्थिति में नहीं थी। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने इस मामले में जांच सीबीआई को सौंपी थी। इस मामले में आबकारी अधिकारी पर भी अंगुलिया उठी थी और उसी मामले में शिकायतें हुई थी।

# आज शाम होगी फूलों की होली

## भगवती की पूजा अर्चना का सिलसिला ब्राह्मणों की मौजूदगी में रहेगा जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पश्चिम क्षेत्र के हंसदास मठ बिजासन रोड पर पुरुषोत्तम मास में माँ भगवती की पूजा अर्चना का सिलसिला चल रहा है। कल 108 भागवत पारायण के अनुष्ठान में फूलों से संगीतमय होली खेली जाएगी। आज शाम 8 बजे से होने वाले आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। माँ भगवती की पूजा अर्चना का सिलसिला भी ब्राह्मणों की मौजूदगी में जारी रहेगा। वहीं अनुष्ठानों के तहत भगवान पुरुषोत्तम, रणछोड़जी, पंचमुखी हनुमान, टीकमजी एवं हंसेश्वर महादेव सहित अन्य देवालयों का नियमित रूप से पुष्प श्रृंगार किया जा रहा है, वहीं प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आकर भागवत पारायण में शामिल विद्वान ब्राह्मणों एवं भागवतजी का पूजन कर पुण्य लाभ उठा रहे हैं। रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज के सानिध्य में आयोजन से हरि अग्रवाल, कमलेश खंडेलवाल, राजा यादव, राजेश शर्मा, अशोक चतुर्वेदी जुड़े हुए हैं।

# जिनालय में प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ढाई दीप जिनालय गांधीनगर में 18 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों की कार्यशैली और प्रशिक्षण देने वालों के कार्य का अवलोकन करने दिगम्बर जैन समाजजन पहुंचे। अशोक-आशा बड़जात्या, जैनेश झांझरी, डी.के. जैन, वीरेंद्र बड़जात्या सहित अन्य मौजूद थे।



# फतेहपुरिया समाज कर रहा है शीतल पेय वितरण



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। फतेहपुरिया समाज मल्हारगंज धर्मशाला के समीप इस पुरुषोत्तम मास में गर्मी से राहत के लिए लोगों को शीतल पदार्थों का वितरण कर रहा है, जिसमें छाछ, गुलाब शरबत, केरी पना, आमरस और शरबत के अलावा बेल पत्र का शरबत शामिल है। केदार बांकड़ा, प्रवीण मुरारक, राजेन्द्र टेकड़ीवाल, कैलाश बिदासरिया, देवकीनंदन अग्रवाल, सीके अग्रवाल, कृष्णा सिंघानिय का सहयोग है।

# वेंकटेश मंदिर में श्रीब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव की तैयारियां शुरू

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्रीलक्ष्मीवेंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में अगले माह 10 से 16 जुलाई तक सात दिवसीय श्रीब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस सात दिवसीय आयोजन में अलग-अलग दिन सुबह और शाम धार्मिक आयोजन होते है। बडी संख्या में बाहर से भी श्रद्धालु शिरकत करते है। आखिरी दो दिनों में फूलबंगला और रथयात्रा में भी बहुत बडी संख्या में श्रद्धालु शिरकत करते है। सात दिवसीय इस महोत्सव में भगवान श्रीलक्ष्मीवेंकटेश के विविध दिव्य श्रृंगार, विशेष उत्सव, वैदिक अनुष्ठान, संत प्रवचन, भजन संध्या, महाप्रसाद एवं भव्य रथयात्रा का पुण्य लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। सभी आयोजन स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में किए जाएंगे। जल्द ही कमेटियों का निर्माण भी किया जाना है। कुल मिलाकर अगले होने वाले इस आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी है।

# सिंगापुर के बिजनेस कॉनक्लेव में इन्दौरी भी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा सिंगापुर में आयोजित बिजनेस कॉनक्लेव एवं 6 दिवसीय विशेष यात्रा का भी आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से करीब 80 एवं सिंगापुर के करीब 175 प्रतिष्ठित समाजजन ने भाग लिया। इंदौर से विशेष सारडा राष्ट्रीय बाल संस्कार शिविर के प्रभारी अपने परिवार सहित एवं मनीष राठी राऊ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।





# ज्योतिष सम्मेलन में पढ़े गए शोध पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बापट चौराहा स्थित आनंद मोहन माथुर सभागृह में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष और वास्तु सम्मेलन एवं विद्वत् सम्मान समारोह का आयोजन माँ भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकाण्ड शोध संस्थान द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में जिम्मेदारों ने शोध पत्र भी पढ़े। संतोष भार्गव, प्रकाश गौड़, मनोज परमार, संजय शर्मा, नीतू मित्तल, श्याम यादव, जीतू गुप्ता, जीतूनाथ महाराज सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# पर्यावरण प्रेमियों ने बनाई मानव श्रृंखला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




शहर में हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी को रोकने और पेड़ों की कटाई के विरोध में पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। रैली का शुभारंभ महामंडलेश्वर दादू महाराज ने किया। इस अवसर पर नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर कटे हुए पेड़ों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहर की हरियाली बचाने का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमियों ने मां अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ज्ञापन का वाचन किया। अभय जैन, प्रकाश सोनी, राजेंद्र स्वर्णकार, संदीप खानवलकर, डॉ. सुभाष बारोट, डॉ. शंकरलाल गर्ग, डॉ. ओ. पी. जोशी, डॉ. दिलीप वाघेला, शेखर गिरी, गोलाने श्यामसुंदर यादव, अजय लागू, मनोज दीक्षित, सौम्य जैन, डॉ. राजेंद्र बाफना, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र नायक, बृजेंद्र कुमार नीमा, कुशाग्र सोनी, विश्वास गुप्ता, चेतन वर्मा, अंबरीष जैन, राजकुमार मेहता, सीमा महंत, प्रमोद नामदेव, जगदीश सोलंकी सहित अन्य मौजूद थे।

# लायंस क्लब ने भेंट किए 10 कंप्यूटर और एक स्मार्ट टीवी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। लायंस क्लब इंदौर यूनिक द्वारा सेवा गतिविधि के अंतर्गत 10 कंप्यूटर एवं साथ ही रंगीन स्मार्ट टीवी विकलांग कल्याण संघ को भेंट की गई। अतिथि डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, जवाहर बियाणी, विनोद जोशी, हरीश संगीता उप्पल, नवीन छाबडा, आनंद जैसवानी, निर्मल राजपूत, हेमंत डोसी, ललित लड्ढा, चंद्रकुमार चौहान, लीना छाबड़ा, चंचल चौहान, मनीष भंडारी सेवा कार्य में मौजूद थे।


## NOTICE

In Pursuance of the Gazette Notification bearing S.O. No.2900 dated 24th October 2015 and duly amended by S.O. No.4120 (E) dated December 2017 issued by Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India pertaining to 100% Water Soluble Mixture of Fertilizers; Moti Insecticides Private Limited hereby notifies that it intends to introduce following grades of 100% Water Soluble Mixture Fertilizers in the State of Madhya Pradesh..

| Grade of Fertilizer | Brand Name | Total N (% by weight) | Total P205 (% by weight) | Total K20 (% by weight) | Specification |
|---|---|---|---|---|---|
| NPK 19:19:19 | MOTI NPK 19:19:19 | 19 | 19 | 19 | N=19, P205 (WS)=19,K20 (Ws)=19, ALL w/w basis, minimum) |

Other Specification-
Sodium as NaCl on dry Basis percent by weight, maximum = 0.5; Matter insoluble in water percent by weight, maximum = 0.5; Moisture percent by weight, maximum = 0.5; Lead (as Pb), percent by weight, maximum = 0.003; Cadmium (as Cd), percent by weight, maximum = 0.0025; Arsenic (as As), percent by weight, maximum = 0.01

SUPPLY, STORAGE AND SALES OF ABOVE MOTI WSF GRADE IN THE STATE OF MADHYA PRADESH SHALL BE DONE AFTER 30 DAYS FROM THE DATE OF THIS NOTICE

MOTI INSECTICIDES PVT. LTD.
CORPORATE OFFICE : 550, NH-1, NEW GRAIN MARKET, KARNAL -132001 (HARYANA)








## प्रबुद्धजनों ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सादगी की मिसाल रही कृष्णा रावल को प्रबुद्धजनों और समाजजनों के अलावा शिक्षाविदों ने सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। रामबाबू अग्रवाल, रामस्वरूप मंत्री, कुमार सिद्धार्थ, राकेश दीवान, असिम रावल, मिलिंद रावल, सारिका श्रीवास्तव, शोभा शिंदे, अरविंद सदावना, विनित तिवारी, शशिकांत गुप्ते, प्रमोद बागड़ी, डॉ. सम्यक जैन, रूपल अजबे, अनु गुप्ता, डॉ. हिमांशु ठक्कर मौजूद थे।

## बार परीक्षा के लिए मार्गदर्शन सेमिनार होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन परीक्षा 7 जून रविवार को होना है, इसे लेकर संस्था न्यायाश्रय द्वारा युवा अधिवक्ताओं और परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन 4 जून की शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक जिला न्यायालय आडिटोरियम में होगा। अधिवक्त पंकज वाधवानी द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा की तैयारी, प्रश्नों के चयन, इंडेक्स के प्रभावी उपयोग, समय प्रबंधन तथा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने हेतु महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक टिप्स प्रदान किए जाएंगे।

## सिद्ध रक्षा सूत्रों से हुआ हनुमानजी का श्रृंगार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सुभाष चौक स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर पर कल बड़े मंगलवार के अवसर पर रक्षा सूत्रों से श्रृंगार किया गया। सुबह सहस्त्र अर्चन,0 शाम को सिद्ध सूत्रों से दरबार सजाया गया। पं. सुधीर व्यास ने सुन्दरकांड पाठ किया। रक्षा सूत्रों को छोटे बच्चों के लिए रक्षा कवच के रूप में मंदिर से वितरित किया जाएगा।



# चौपाल पाठशाला का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। लोक बिरादरी ट्रस्ट अरमान संस्था द्वारा चौपाल पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। फूलसिंह कारपेंटर ने बताया कि सड़कों पर घूमने वाले, शाला त्यागी तथा भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों को संरक्षित कर पुनः शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत निर्माणाधीन भवनों और मजदूर बस्तियों के आसपास ही चौपाल पाठशालाएं संचालित की जाती हैं, ताकि बच्चों को उनके निवास स्थल पर ही शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। इस चौपाल पाठशाला में शिक्षा की मुख्यधारा से प्रवासी मजदूरों के बच्चे जुड़ रहे हैं। अभी 40 बच्चों को चौपाल पाठशाला में शिक्षित किया जा रहा है। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेल और रचनात्मक कार्यक्रम भी रखे गए हैं। इन बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री, खेल सामग्री और आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। अभी पाठशाला का संचालन अहीरखेड़ी, निरंजनपुर और चंदन नगर क्षेत्रों में भी किया जा रहा है। लोक बिरादरी ट्रस्ट अरमान पिछले 35 वर्षों से महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।






## शासकीय स्कूल में व्यक्तित्व विकास शिविर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** समाज सेवा प्रकोष्ठ द्वारा मालवीय नगर स्थित शासकीय विद्यालय में 5 दिवसीय व्यक्तिव विकास शिविर में तंग बस्तियों के 148 बच्चे भाग ले रहे है। इन बच्चों को योग, कला और अभिनय के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योगगुरु डॉ. सुमन कोचर ने बच्चों को प्रार्थना, योग और कहानियों के द्वारा सदाचार और नैतिकता की शिक्षा दी। आर्टिस्ट सुश्री स्वाति द्रविड़ ने चित्रकला की बारीकियां सिखाई। आलोक खरे, रजना नायक, सुबोध भोंरासकर, लक्ष्मण ने अपनी भूमिका निभाई।

## रामस्नेही और कृष्ण भक्त ले रहे हैं कथा का रसपान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उषा नगर सत्संग भवन में भागवत कथा का रसपान रामस्नेही संत स्वामी रामसप्रसाद महाराज करा रहे हैं। बड़ी संख्या में रामस्नेही भक्त और भगवान कृष्ण के अनुयायी इस भक्ति की गंगा में कथा का रसपान करने पहुंचे। आज कथा का समापन होगा।

## साहित्यकार का पोस्टर विमोचन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हिन्दी सहित्य समिति में कालजयी साहित्यकार पोस्टर विमोचन के अंतर्गत ठाकूर गोपाल चरणसिंह का पोस्टर विमोचन किया गया। डॉ. दिलीप बारड़, गोपाल शरण शिंगणे, डॉ. पदमा सिंह, कीर्तिश धामारीकर शास्त्री, रामआश्रय पांडे, सुधा चौहान, मनोज दुबे, डॉ. कविन्द्र भारद्वाज, अभियंता श्यामसिंह, रवि खंडेलवाल, दिलीप नीमा, तृप्ति शाह, किशोर यादव, बुलबुल बागवान, रवि खंडेलवाल ने अपनी रचाएं प्रस्तुत की और दाद बटोरी।

# मांगों को लेकर पेंशनर एसोसिएशन ने दिया ज्ञापन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ शांता स्वामी भार्गव से प्रतिनिधि मंडल मिला। प्रतिनिधि मंडल ने डीईओ को चर्चा के दौरान बताया कि 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों, सहायक शिक्षकों एवं नवीन शैक्षिक संवर्ग के सेवारत एवं सेवानिवृत लोकसेवकों की चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश जारी किए गए हैं किंतु मात्र 02 सूची क्रमशः 69 एवम 22 पात्र लोकसेवकों के नाम हैं। अभी भी सैकड़ों पात्र लोकसेवक इसके लाभ से वंचित है। अतः शेष रहे शिक्षकों के चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। अन्य वित्तीय लंबित पीपीओ, जीपीएफ,अर्जित अवकाश के प्रकरणों के निराकरण भी शीघ्र किया जाए। राजेश जोशी, नरेंद्रसिंह ठाकुर, भगवतीप्रसाद पंडित, सूरजसिंह बोड़ाना, सोहनलाल परमार, दीपक धनोड़कर, रमेश कुमार सिंदेल, कैलाश सेन, हरीश सक्सेना, नरेंद्र पुरोहित, श्रीकांत इंगले, गंगाराम प्रजापति, बी.एस.परिहार, पवन सोलंकी, बद्रीलाल सोलंकी, कैलाश दुबे आदि शामिल थे।

# चन्द्रवंशी यादव समाज और ट्रस्ट करेगा मातृशक्तियों का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री वासुदेव चन्द्रवंशी यादव समाज और श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा 6 जून को प्रतिभाओं और मातृशक्तियों के सम्मान और अभिनंदन का आयोजन रीगल तिराहा स्थि कॉफी हाऊस में किया है। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल और प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम होंगे। ज्योति यादव, मोहिनी यादव, शशि यादव, कमलेश यादव, अनुपम यादव और रश्मि सिंह को उनकी उल्लेखनीय सहभागिता और समाज सेवा के लिए नागरिक अभिनंदन कर सम्मानित किया जाएगा। वहीं मेधावी छात्रों का सम्मान भी होगा। उक्त जानकारी मदन परमालिया ने दी।

# कलेक्टर ने संवेदनशीलता से सुनीं समस्याएं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभरी है। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए त्वरित सहायता सुनिश्चित की। अलग-अलग तरह की समस्याएं बताई गई। किसी ने आवास नहीं होने तो किसी ने आर्थिक तंगी के कारण अपनी आर्थिक परिस्थिति बताई। बडी संख्या में आवेदन प्राप्त किए। आवेदकों से संवाद भी कलेक्टर ने किया। प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और अपर कलेक्टर रोशन राय, ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया।



# कृषि उपज मंडी समिति इन्दौर की आय में सुधार

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कृषि उपज मंडी समिति इन्दौर द्वारा मई 2026 तक की आय (मंडी शुल्क) का विश्लेषण जारी किया गया है। विश्लेषण के अनुसार लगभग 13 माह बाद मंडी की वास्तविक मासिक आय में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही, गेहूं उपार्जन पर प्राप्य मंडी शुल्क एवं आयातित तुअर पर दी गई छूट की प्रतिपूर्ति को शामिल करने पर मंडी समिति की आय में उल्लेखनीय वृद्धि परिलक्षित होती है।

### मई माह में वास्तविक मंडी शुल्क आय में बढ़ोतरी

मंडी समिति के सचिव ने बताया कि मई 2025 में वास्तविक मंडी शुल्क प्राप्ति 4 करोड़ 28 लाख 28 हजार 966 रुपये थी, जो मई 2026 में बढ़कर 4 करोड़ 31 लाख 44 हजार 367 रुपये हो गई है। इस प्रकार मई माह की आय में वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले लगभग 13 महीनों में पहली सकारात्मक वृद्धि मानी जा रही है। हालांकि अप्रैल-मई की संचयी अवधि में वर्ष 2025 के दौरान 10 करोड़ 26 लाख 95 हजार 630 रुपये की तुलना में वर्ष 2026 में 8 करोड़ 93 लाख 64 हजार 871 रुपये का वास्तविक मंडी शुल्क प्राप्त हुआ है।

मंडी सचिव ने बताया कि वर्तमान आय दो प्रमुख कारणों से प्रभावित हुई है। चालू वित्तीय वर्ष अप्रैल-मई 2026 के दौरान आयातित तुअर (दलहन) पर कुल 1 करोड़ 56 लाख 86 हजार 902 रुपये की छूट दी गई है, जिसमें मई माह में 88 लाख 52 हजार 460 रुपये की छूट शामिल है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2026 में गेहूं उपार्जन की कुल 6 लाख 13 हजार 448 क्विंटल मात्रा पर 2,625 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से मंडी शुल्क की प्राप्य राशि 1 करोड़ 61 लाख 3 हजार 9 रुपये बनती है। इनमें से मई माह का प्राप्य मंडी शुल्क 1 करोड़ 17 लाख 92 हजार 392 रुपये है। विश्लेषण में बताया गया है कि यदि शासन के प्रावधानों के अनुसार गेहूं उपार्जन पर प्राप्य मंडी शुल्क प्राप्त हो जाता है तथा आयातित तुअर पर दी गई छूट की प्रतिपूर्ति को आय में शामिल किया जाता है, तो मंडी समिति की कुल संभावित आय 12 करोड़ 11 लाख 54 हजार 782 रुपये तक पहुंच जाएगी। इस स्थिति में वर्ष 2025 की समान अवधि की 10 करोड़ 26 लाख 95 हजार 630 रुपये की आय की तुलना में लगभग 17.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होगी। वहीं केवल मई माह के आधार पर संभावित वृद्धि का प्रतिशत 48.93 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

# पानी की टंकी पर पदस्थ कर्मचारी की सेवा समाप्त

## आयुक्त ने माना जल वितरण कार्य में हुई लापरवाही, रात में भराया टैंकर रजिस्टर में नहीं मिला दर्ज

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर में पानी की किल्लत है और निगम आयुक्त ने साफ निर्देशित कर रखा है कि हर क्षेत्र में लोगों को पानी की सप्लाय टंकियों से ठीक से की जाए। इस मामले में देखने में आया कि झोन क्रमांक 5 के अन्तर्गत बजरंग नगर पानी की टंकी पर टैंकरों के समुचित संचालन एवं व्यवस्था मे लापरवाही करने पर 04 विनियमित एवं मस्टर कर्मचारी की सेवा समाप्त की गई।



यहां पर व्यवस्था के अंतर्गत विनियमित कर्मचारी अनिल सिसोदिया, नितेश पाल एवं मस्टर कर्मचारी राहुल गोयल, संजय पांडे पदस्थ थे। पूर्व में भी इन लोगों की शिकायतें निगम आयुक्त तक पहुंची थी और अपने काम को ठीक से करने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ। करीब 11 दिन पूर्व 22 मई को वार्ड 27 के अन्तर्गत आने वाले बजरंग नगर पानी की टंकी 5.80 मीटर लेवल तक भरी गयी थी, किन्तु टंकी पर कार्यरत कर्मचारी / वालमेन अनिल सिसोदिया एवं राहुल गोयल द्वारा सप्लाय वाल्व को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार पूर्णतः बंद नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप टंकी का जलस्तर सप्लाय प्रारंभ होने के समय 5.80 मीटर से घटकर 4.80 मीटर रह गया, जिसकी सूचना उक्त दोनों कर्मचारियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को नही दी गई, जिसके कारण बजरंग नगर क्षेत्र का जलप्रदाय प्रभावित हुआ। इस संबंध में कर्मचारियों को चेतावनी देकर भविष्य के लिए सचेत भी किया गया था। फिर भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और कल रात उक्त टंकी से अनाधिकृत टैंकर क्रमांक एमपी-35 झेडसी 7713 को भरा गया, जो निगम से अनुबंधित नहीं था। इस संबंध में सहायक यंत्री ने शिकायत की। गलत तरीके से टैंकर की पुष्टि सीसीटीवी कैमरे से की गई और कल सुबह जब हाइड्रेंट रजिस्टर का मिलान किया गया तो उक्त टैंकर भरने की इंट्री नहीं पाई गई। हाइड्रेंट पर नितेश पाल विनियमित कर्मचारी एवं संजय पांडे मस्टर कर्मचारी की ड्युटी थी। उक्त कर्मचारियों द्वारा बजरंग नगर पानी की टंकी पर टैंकरों से संचालन एवं टंकी के संधारण कार्य में गभीर लापरवाही की जा रही है तथा बार बार निर्देशो के उपरांत भी इनकी कार्यप्रणाली में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा था। निरन्तर कर्तव्य के प्रति उदासीनता, लापरवाही एवं स्वैच्छिक कार्यप्रणाली एवं वरिष्ठ स्तर से पारित आदेशो/निर्देशो का पालन न करने से जलप्रदाय झोन क्रमांक-5 अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों अनिल सिसोदिया विनियमित कर्मचारी, राहुल गोयल मस्टर कर्मचारी, नितेश पाल विनियमित कर्मचारी, संजय पांडे मस्टर कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हाजिरी मुक्त करते हुए पारिश्रमिक भुगतान पर रोक लगाई गई।

# निगम की जल परीक्षण क्षमता बढ़ी

## जल परीक्षण प्रयोगशाला में 2 हजार टेस्ट प्रतिमाह होंगे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भागीरथपुरा में हुई दूषित मृत्यु के बाद कांग्रेस ने कई बार पानी को लेकर मुद्दे उठाए और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी टेस्ट कराए गए, पानी की रिपोर्ट्स मीडिया के समक्ष सार्वजनिक की थी और उसी के बाद महापौर ने सुदामा नगर क्षेत्र में सीधे जल से पानी पीकर बताया था कि पानी जहरीला नहीं अच्छा है। अब इस मामले में निगम भी सतर्क हो रहा है। अब निगम यही चाहता है कि सुरक्षित पेयजल आम लोगों को मिले और उनकी जल परीक्षण प्रयोगशाला आधुनिक तकनीक के साथ सशक्त हो। निगम इसके लिए बैक्टीरियोलॉजिकल टेस्टिंग हेतु नई आधुनिक मशीन एवं आवश्यक रिएजेंट्स/कंज्यूमेबल्स क्रय करेगा। नगर निगम अब जल परीक्षण क्षमता बढ़ाकर लगभग 2000 टेस्ट प्रतिमाह करने की ओर बढ़ रहा है। इसके लिए आधुनिक मशीन और आवश्यक संसाधन भी क्रय किए जाएंगे। पानी की टेस्टिंग बढ़ेगी तो पानी भी गुणवत्ता वाला मिलेगा। इससे पेयजल व्यवस्था की निगरानी और अधिक प्रभावी बनेगी क्योंकि जांच नई आधुनिक मशीनों से तेजी से और सटिक होने के साथ वैज्ञानिक तरीके से की जाएगी। निगम आयुक्त और महापौर का यही कहना रहा कि हमारा उद्देश्य है गुणवत्ता वाला जल लोगों तक पहुंचे। इसके लिए नगर निगम 42.54 लाख की लागत से व्यवस्था को ठीक कर रहा है।





# कल शाम नील गगन में इन्द्रधनुष बना तो देखते रह गए लोग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मौसम में लगातार परिवर्तन नौतपा के अन्तर्गत देखने को मिले कल भी मौसम ने परिवर्तन दिखाया, तेज हवाएं चली, पानी भी गिरा और कल अंतिम दिन फिर नौतपा गली और जब पानी गिरने के बाद मौसम खुला तो नील गगन में इन्द्रधनुष बना। सतरंगी कलर आकाश में नजर आए, तो लोगों ने इस कुदरत की अद्भुत छटा को निहारा, कई लोग बच्चों को रेनबो दिखाने अपनी छतों पर ले गए, तो कुछ नीचे जमीन से ही नजारा देखते रहे।

**छाया : नीलेश वर्मा**

# भोजशाला में बनेगा भव्य सरस्वती लोक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**राजा भोज की कर्मस्थली धार में होगी भोज शोध संस्थान की स्थापना**

**भोजशाला के लिए आंदोलन में शहादत देने वाले शहीदों के परिजन को आर्थिक सहायता**

**धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धार स्थित भोजशाला परिसर में राज्य सरकार भव्य सरस्वती लोक बनायेगी, यहाँ राजा भोज संस्थान की स्थापना भी की जायेगी। राजा भोजपाल द्वारा स्थापित यह भोजशाला सदियों तक ज्ञान-विज्ञान-अनुसंधान और संस्कृत भाषा का सबसे प्रखर केन्द्र रहा है। यहाँ दूर-दूर से विद्यार्थी और विद्वान ज्ञान अर्जित करने और शास्त्रों पर विमर्श करने आते थे। राज्य सरकार भोजशाला के उसी गौरवशाली अतीत को पुनर्जीवित करने के लिए सभी जरूरी प्रयास करेगी।

राजा भोज की कर्मस्थली धार में राजा भोज शोध संस्थान की भी स्थापना की जायेगी। भोजशाला के लिए हुए आंदोलन में शहादत देने वाले तीन शहीदों स्व. बनसिंह, स्व. अंतरसिंह एवं स्व. लक्ष्मण सिंह के निकटतम परिजन को राज्य सरकार की ओर से 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में ये विचार व्यक्त किए।

# बिजली की आंख मिचौली से परेशान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सामाजिक कार्यकर्ता सादिक खान ने बताया कि ग्रीन पार्क कालोनी में कल आधी रात से बिजली की आंख मिचौली होती रही और जब गुमाश्ता नगर व सिरपुर विद्युत झोन पर फोन लगाए गए तो वहां भी फोन नहीं उठे। संबंधित विद्युत अधिकारियों को फोन लगाए उन्होंने भी फोन नहीं उठाए। रात भर रहवासी विद्युत बंद होने से परेशान होते रहे। सादिक खान ने बताया कि विद्युत अधिकारी शैलेन्द्रसिंह भदौरिया ने फोन उठाया तो उन्होंने सिरपुर झोन के जिया खान का नंबर दिया। फोन लगाने पर जिया खान ने फोन उठाना मुनासीब नहीं समझा उसके बाद वापस शैलेन्द्र सिंह भदौरिया को फोन लगाया तो उन्होंने भी फोन उठाना मुनासीब नहीं समझा फिर दिलीप गाठे को फोन लगाया उन्होंने अश्वासन दिया और उसके बाद उन्होंने भी फोन बन्द कर लिया। आखिर भाजपा शासन काल में अधिकारी खुद चैन की नींद सोते है और जनता गर्मी अँधेरे और मच्छरो के बीच अपने मासूम बच्चों को गर्मी और मच्छरों के बीच रोता बिलखते हुए रात-रात भर जाग रहीं है। आखिर अधिकारी कर्मचारी फोन क्यों नहीं उठाते है, घंटों बिजली आधी रात को गुल हो रहीं है। सादिक खान ने बताया कि बिजली रात को 1.30 बजे गई और रात 3 बजकर 35 मिनट पर आई।

# हाइड्रेंट पर टैंकर फुल होकर बहता रहा पानी





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इन दिनों शहर के 85 वार्डों के मोहल्लों में पानी की कमी नजर आ रही है। बोरिंग ज्यादातर सूख गए है या कम पानी दे रहे हैं। ऐसे में जो हाइड्रेंट पानी दे रहे हैं वहां पानी लेने वालों से लेकर टैंकर की कतार लगी हुई है। जागरूक नागरिक योगेश वाधवानी ने सिटी ब्लास्ट को चित्र भेजकर बताया कि माणिकबाग पुल के नीचे हाइड्रेंट पर नगर निगम का पानी का टैंकर भराने के बाद काफी देर तक ओवर फ्लो होता रहा, जिससे हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। जिम्मेदारों ने मोटर बंद करना उचित नहीं समझा, जबकि यहां पानी लेने के लिए लोग खड़े रहे। वाधवानी ने प्रश्न किया कि आखिर इस पानी बर्बादी का जिम्मेदार कौन। इसका पूरा वीडिया भी बनाया गया है और कहा है कि इस पानी के बहने से अधिकारियों की जवाबदारी भी तय होना चाहिए। क्या जनता की ही जवाबदारी पानी बचाने की है या फिर निगम अधिकारियों की भी जिम्मेदारी बनती है।

**छाया : योगेश वाधवानी**

## संपादकीय

# लोग अपराध कर क्यों रहे हैं, इस मनोविज्ञान को समझना भी जरूरी

देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है। हत्या या अन्य किसी जघन्य अपराध के आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के कुछ मामलों में पुलिस के रवैये पर सवाल भी उठे। उत्तर प्रदेश में हाल में हत्या की कई घटनाओं से साफ है कि अपराध पर काबू करने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है। ऐसा लगता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की सरकार और पुलिस बेफिक्र हैं और दूसरी ओर अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। यह बेवजह नहीं है कि हत्या की लगातार कई वारदातों के बाद विपक्षी दलों की ओर से सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाने लगा है। दरअसल, बीते कुछ दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश में एशियाई खेलों के लिए चुने गए एक पैरा-एथलीट और एक राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महिला खिलाड़ी सहित हत्या की अन्य घटनाओं के बाद सरकार इस बात के लिए आलोचना के कठघरे में है कि क्या राज्य की कानून-व्यवस्था ठप हो चुकी है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं की वजह से खुद मुख्यमंत्री योगी के भीतर काफी नाराजगी देखी गई और उन्होंने ज्यादा अपराध दर वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। सवाल है कि क्या केवल सख्ती के दावे और हिदायतों के दम पर राज्य में अपराध और आपराधिक मानसिकता वाले लोगों पर काबू पाया जा सकता है। अगर ऐसा संभव हो पाता, तो आज राज्य सरकार जघन्य अपराधों में तेज बढ़ोतरी के लिए खुद को आलोचना के घेरे में खड़ा नहीं पाती। जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था, तब भाजपा का वादा यही था कि वह राज्य को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराएगी। अपराधियों पर काबू पाने के मकसद से की गई कुछ फौरी सख्ती और कार्रवाइयों से ऐसा लगा भी। मगर हत्या या अन्य किसी जघन्य अपराध के आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के कुछ मामलों में पुलिस के रवैये पर सवाल भी उठे। आज एक समांतर सच यह भी है कि आपराधिक मानसिकता के लोग बेधड़क सामान्य से लेकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं और अपराध के खात्मे का दावा करने वाली सरकार अपराधियों को रोक पाने में नाकाम दिख रही है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। मेरठ में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी की हत्या सिर्फ 3,600 रुपये के लिए हुई। अपराध के बेलगाम होते जाने के बीच अब ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिनमें हत्या की वजहें हैरान करती हैं। उत्तर प्रदेश के मेरठ में राष्ट्रीय स्तर की एक कबड्डी खिलाड़ी की हत्या सिर्फ 3,600 रुपये के उधार की वजह से कर देने की खबर आई। इस घटना में भी पहला सवाल यही है कि आरोपी के भीतर आखिर क्यों पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था। दूसरे, कोई व्यक्ति अपने लिए तीन-चार हजार रुपये को इतनी बड़ी रकम कैसे मान लेता है कि वह उसके लिए किसी की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश की इस घटना के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें दो-चार या पांच सौ रुपये जैसी मामूली रकम के लिए किसी की जान ले ली जा रही है। क्या देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है? जाहिर है, आदतन या सुविधा से अपराध करने वालों के खिलाफ सख्ती के साथ-साथ सामान्य पृष्ठभूमि के लोगों के जघन्य अपराधों को अंजाम देने की परिस्थितियों और वजहों पर विचार करना वक्त की जरूरत है। बिना जड़ पर प्रहार किए अपराध पर पूरी तरह काबू पाना एक चुनौती बनी रहेगी। गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सत्यापन कार्य तेज करते हुए प्रशासन ने मंगलवार को दो गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों को सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई 17 वर्षीय सूर्या चौहान की हत्या उसके दोस्त असद और उसके साथियों द्वारा किए जाने के बाद की जा रही है। मामले का मुख्य आरोपी असद पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है। इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। कई दुकानें मंगलवार को बंद रहीं, जिनमें दोनों समुदायों के सदस्यों द्वारा संचालित प्रतिष्ठान भी शामिल थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150600 | 154200 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 252700 | 265100 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया, शादी कर बनाया बंधक

## फिर करता रहा दुष्कर्म, समय से पहले जन्मे नवजात की मौत

**इंदौर।** महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने, जबरन शादी करने और उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक 15 साल की नाबालिग को अपनी पत्नी बनाकर रख रहा था, जिससे वह गर्भवती हो गई। समय से पहले जन्में उनके कमजोर नवजात बच्चे की इलाज के दौरान इंदौर में मौत हो गई। पीड़िता के बयानों और मामले की प्रारंभिक जांच के बाद किशनगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मामला किशनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मऊगांव इलाके का है। क्षेत्र में रहने वाले आरोपी समीर पिता श्यामलाल भूरिया निवासी श्रीखण्डी, मऊगांव, महू ने कुछ समय पहले इलाके की एक नाबालिग लड़की को अपनी मीठी-मीठी बातों में फंसा लिया। आरोपी समीर को अच्छी तरह से पता था कि लड़की की उम्र महज 15 साल है और वह नाबालिग है, इसके बावजूद वह उसे शादी का झांसा देकर उसके घर से भगा ले गया। घर से भगाने के बाद आरोपी समीर ने नाबालिग से जबरन शादी कर ली और उसे अपने पास पत्नी की तरह रखने लगा। इस दौरान उसने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ लगातार कई बार शारीरिक संबंध बनाए, जिसके चलते नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई। उम्र कम होने के कारण पीड़िता को गर्भावस्था के दौरान काफी शारीरिक और मानसिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हाल ही में जब पीड़िता को प्रसव पीड़ा हुई, तो आरोपी समीर उसे डिलीवरी के लिए महू के मध्यभारत अस्पताल लेकर आया। यहां पीड़िता ने एक नवजात लड़के को जन्म दिया। हालांकि, कम उम्र में गर्भावस्था और शारीरिक कमजोरी के कारण बच्चे का जन्म समय से काफी पहले हो गया था। नवजात बेहद कमजोर था और उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी, जिसके चलते डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए तत्काल इंदौर रेफर कर दिया था। इंदौर के अस्पताल में इलाज के दौरान उस मासूम नवजात ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना और नवजात की मौत के बाद जब पुलिस ने मामले की गहराई से पड़ताल की, तो पूरी सच्चाई सामने आ गई। पुलिस ने जब पीड़ित नाबालिग लड़की के विस्तृत कथन दर्ज किए, तो उसने आरोपी समीर द्वारा किए गए पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। मामले की गंभीरता और पीड़िता के नाबालिग होने के कारण किशनगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी समीर भूरिया के खिलाफ नाबालिग का अपहरण करने, पॉक्सो एक्ट की प्रासंगिक धाराओं और दुष्कर्म की गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस की एक टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# आंधी-तूफान के कचरे को लेकर पड़ोसियों में विवाद

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में आंधी-तूफान के बाद फैले कचरे जैसी मामूली बात पर पड़ोसियों के बीच विवाद की घटना सामने आई है। एक महिला द्वारा अपने घर के सामने आया कचरा पैर से धकेलकर पीड़िता के घर के सामने करने का विरोध करने पर, आरोपी महिला ने अपने पति और जेठ के साथ मिलकर पीड़िता को सरेराह गालियां दीं और धक्का-मुक्की की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना राऊ थाना क्षेत्र की है, जहां एक 45 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र में आए आंधी-तूफान के कारण सड़कों का कचरा उड़कर घरों के सामने जमा हो गया था। इसी दौरान उनके घर के सामने ही रहने वाली सोनू सेलकर बाहर आई और उसने अपने घर के सामने जमा कचरे को पैरों से धकेलकर जानबूझकर पीड़िता के मुख्य दरवाजे के सामने कर दिया। जब पीड़िता ने सोनू सेलकर को इस तरह कचरा उनके घर के सामने फेंकने से मना किया, तो आरोपी महिला भड़क गई और बिना किसी कारण के पीड़िता को गालियां देने लगी। विवाद की आवाज सुनकर आरोपी महिला का पति हिमांशु सेलकर और उसका जेठ उज्ज्वल सेलकर भी घर से बाहर निकल आए। तीनों ने मिलकर पीड़िता को चारों तरफ से घेर लिया और जोर-जोर से चिल्लाते हुए गालियां बकने लगे। पीड़िता ने जब तीनों आरोपियों को सार्वजनिक रूप से इस तरह गाली-गलौज और अभद्रता करने से सख्त मना किया, तो आरोपियों का दुस्साहस और बढ़ गया। तीनों आरोपी पीड़िता के साथ धक्का-मुक्की करने लगे और उनकी तरफ अश्लील व भद्दे इशारे करते हुए घोर अभद्रता की। जब पीड़िता ने इस पूरी गुंडागर्दी का कड़ा विरोध किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपियों ने उन्हें जाते-जाते जान से मारने की खुली धमकी दे डाली।

# निपानिया ब्रिज पर खराब हुआ कूरियर ट्रक,शातिर चोरों ने कंटेनर की सील तोड़कर उड़ाए कीमती सामान से भरे बॉक्स

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में हाईवे और बाईपास पर सक्रिय कंजर गिरोह का एक बड़ा कारनामा सामने आया है। अहमदाबाद से इंदौर आ रहे एक डाक पार्सल कूरियर ट्रक के बीच रास्ते में खराब होते ही अज्ञात बदमाशों ने कंटेनर की सील तोड़ दी। चोरों ने पलक झपकते ही कूरियर के 20 कीमती बॉक्स पार कर दिए। पुलिस ने पीड़ित ड्राइवर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना लसुड़िया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निपानिया ब्रिज की है। मूल रूप से ग्राम शिवखेड़ी आष्टा, जिला सीहोर के रहने वाले फरियादी राजाराम पिता गिरधारीलाल मालवीय पेशे से ट्रक ड्राइवर हैं। राजाराम गत 23 मई को न्यू श्री बॉम्बे कंपनी का डाक पार्सल और कूरियर का कीमती सामान कंटेनर ट्रक क्रमांक एमएच-23 एयू 2401 में लोड करके अहमदाबाद के खेड़ा से इंदौर के लिए रवाना हुए थे। फरियादी राजाराम ने पुलिस को बताया कि वे अगले दिन यानी 24 मई को इंदौर पहुंचे ही थे कि निपानिया ब्रिज के ऊपर अचानक उनका ट्रक तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया। ड्राइवर ने ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा किया। जब वे गाड़ी के नीचे आये खराबी को देखने के बाद पीछे की तरफ गए, तो उनके होश उड़ गए। ट्रक के मुख्य कंटेनर की सुरक्षा सील टूटी हुई थी और दरवाजा खुला था। अनहोनी की आशंका के चलते जब राजाराम ने कंटेनर के अंदर रखे माल की गिनती की, तो उसमें से कुल 20 बॉक्स कम पाए गए। राजाराम ने तुरंत निपानिया ब्रिज और आसपास के इलाके में काफी खोजबीन की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन गायब हुए कूरियर के 20 बॉक्स का कहीं कोई सुराग नहीं मिला। कोई अज्ञात शातिर चोर गाड़ी खराब होने और ड्राइवर का ध्यान भटकने का फायदा उठाकर इतनी बड़ी चोरी को अंजाम दे चुका था। पीड़ित ड्राइवर ने तुरंत अपनी कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी और लसुड़िया थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# बुजुर्ग को मदद का झांसा देकर एटीएम कार्ड बदला

## शातिर ठगों ने खाते से उड़ाए 20 हजार रुपये, केस दर्ज

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ पर पैसे निकालने पहुंचे एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मदद करने के बहाने दो शातिर बदमाशों ने उनका असली एटीएम कार्ड बदल लिया और उसकी जगह नकली कार्ड थमाकर चंपत हो गए। इसके बाद आरोपियों ने बुजुर्ग के खाते से 20,100 रुपये उड़ा दिए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना परदेशीपुरा चौराहे पर स्थित राखोड़ी धर्मशाला के नीचे बने एसबीआई स्टेट बैंक के एटीएम बूथ की है। परदेशीपुरा के रहने वाले फरियादी महेश पिता रामलाल वर्मा (70) अपने एटीएम कार्ड से पैसे निकालने के लिए इस बूथ पर गए थे। मशीन से पैसे निकालने के दौरान उन्हें कुछ तकनीकी दिक्कत आ रही थी और कैश नहीं निकल रहा था। बुजुर्ग को परेशान देख वहां मौजूद दो अज्ञात लड़के मदद करने के बहाने उनके पास आए। दोनों आरोपियों ने बुजुर्ग से कहा कि वे उनकी मदद कर देते हैं। पैसे निकालने के बहाने शातिर लड़कों ने महेश वर्मा का असली एटीएम कार्ड अपने हाथ में लिया और बुजुर्ग का ध्यान भटकाकर बेहद चालाकी से उनका कार्ड बदल दिया। बदमाशों ने झांसा देकर अपना एक नकली एटीएम कार्ड बुजुर्ग को थमा दिया और बिना पैसे निकाले ही थोड़ी देर बाद वहां से रफूचक्कर हो गए। फरियादी ने जब थोड़ी देर बाद हाथ में थामे एटीएम कार्ड को ध्यान से देखा, तो उन्हें अहसास हुआ कि यह उनका कार्ड नहीं है। वे घबराकर तुरंत घर पहुंचे और अपने बेटे अभिदित्य वर्मा को पूरी बात बताई। कार्ड बदलने के कुछ ही देर बाद शाम करीब 6:30 से 7:00 बजे के बीच बुजुर्ग के मोबाइल पर ताबड़तोड़ पैसे कटने के मैसेज आने शुरू हो गए। शातिर ठगों ने आईटीआई कनकेश्वरी स्थित एटीएम पर 10,000-10,000 रुपये के दो ट्रांजेक्शन कर 20 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद बापट चौराहा स्थित एटीएम से भी 100 रुपये का एक और ट्रांजैक्शन किया गया। बैंक मैसेज देखते ही बुजुर्ग ने तुरंत बेटे को जानकारी दी, जिसके बाद बेटे ने आनन-फानन में कस्टमर केयर पर कॉल करके एटीएम कार्ड को ब्लॉक करवाया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और आरोपी खाते से कुल 20,100 रुपये पार कर चुके थे। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर परदेशीपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात दोनों लड़कों के खिलाफ छलपूर्वक धोखाधड़ी करने की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने एटीएम बूथ और उसके आसपास के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है ताकि आरोपियों के हुलिए की पहचान की जा सके। इसके साथ ही पुलिस उन एटीएम बूथों के फुटेज भी निकाल रही है, जहां से आरोपियों ने पैसे विड्रॉ किए हैं।

# विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से लगातार चार रक्तदान शिविर

## उद्योगपति विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर 6 से 10 जून तक आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस वर्ष भी शहर के चार प्रमुख स्थानों पर रक्तदान शिविर 6 से 10 जून तक आयोजित होंगे और इस दौरान एकत्र किया गया रक्त जरूरतमंद मरीजों के लिए छावनी स्थित चमेलीदेवी अग्रवाल डायग्नोस्टिक रेडक्रॉस सेंटर को समर्पित किया जाएगा। वंशिका-तपन अग्रवाल, गोपाल गोयल, अनुराग सचदेव ने बताया कि समाजसेवी विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर इस वर्ष पहला दो दिवसीय शिविर 6 और 7 जून को खजराना गणेश मंदिर पर आयोजित होगा जिसमें सुबह 8 बजे से लेकर रात 10 बजे तक रक्तदान की व्यवस्था रहेगी। 8 जून को सशस्त्र सुरक्षा बलों के जवानों के लिए तथा 9 जून को फूटी कोठी चौराहा स्थित पुखराज पैलेस पर और 10 जून को यशवंत निवास रोड स्थित अग्रवाल हाउस पर रक्तदान शिविरों के आयोजन होंगे। गत वर्ष भी विनोद अग्रवाल के जन्मोत्सव पर विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए थे, जिन्हें इंडिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अपने विश्व कीर्तिमानों में दर्ज किया है।

# रासुका में निरुद्ध कर जेल भेजने के आदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने इंदौर जिले में गौ माँस का अवैध रूप से क्रय-विक्रय और परिवहन करने वाले दो आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने इन दोनों आरोपियों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरूद्ध कर जेल भेजने के आदेश जारी किये हैं। इन दोनों आरोपियों के विरूद्ध अन्य गंभीर प्रकरण भी दर्ज हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा द्वारा जिन आरोपियों के विरूद्ध रासुका की कार्रवाई की गई है, उनमें बण्डा बस्ती महू के कादिर पिता फतेह मोहम्मद और मोहम्मद आबाद उर्फ कल्ला पिता मोहम्मद अनवर उर्फ अन्ना शामिल हैं। बताया गया कि इन दोनों आरोपियों के विरूद्ध गौ माँस का अवैध रूप से क्रय-विक्रय और परिवहन करने आदि के संबंध में अपराध पंजीबद्ध है। उक्त जानकारी प्रशासन द्वारा दी गई।

# सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव क़े लिए अभिमंत्रित श्रीयंत्र एवं रुद्राक्ष का पूजन

## अब तक 350 साधकों के पंजीयन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में क़ल गुरुवार 4 जून को अपराह्न 4 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर आयोजित हो रहे सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में शामिल होने वाले साधकों के लिए हिमालय स्थित विभिन्न देवालयों से अभिमंत्रित रुद्राक्ष, श्रीयंत्र एवं अन्य पूजन सामग्री को मंगलवार को ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत ने श्री श्रीविद्याधाम के वेदपाठी बटुकों के साथ माँ ललिताम्बा महा त्रिपुर सुंदरी भगवती को समर्पित किया। नरसिंह वाटिका स्थित अनुष्ठान स्थल का भी गोबर एवं पंचगव्य से लीपकर शुद्धिकरण किया जा रहा है। अनुष्ठान के सूत्रधार गुप्तकाशी-केदारखंड के आचार्य प्रशांत ब्रह्मचारी के निर्देशन में लंबे अरसे बाद शहर में हो रहे इस अनुष्ठान के प्रति साधकों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 500 साधकों के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 350 से अधिक साधको के पंजीयन हो चुके हैं। गंगा के उदगम स्थल गोमुख से अभिमंत्रित और बद्रीनाथ धाम से सिद्ध किए गए गोमती चक्र, केदारनाथ के चरणों से स्पर्श कराए गए पवित्र रुद्राक्ष सहित पवित्र गंगा जल से साधकों के शुद्धिकरण के साथ गुरुवार 4 जून को अपराह्न 4 बजे इस दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। इसके पूर्व दोपहर 3 बजे से भजन संगीत का क्रम चलेगा। कलश स्थापना के पश्चात श्रीसूक्त, देवीसूक्त, ललितासहस्त्रनाम मन्त्रों से सामूहिक जाप होगा। इस अनुष्ठान में माँ जगदम्बा का विशेष अर्चन होगा। साधकों को जो श्रीयंत्र घर के लिए दिए जाएँगे वे हिमालय के पवित्र क्षेत्रों से सिद्ध कर लाए गए हैं। सामूहिक महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ इस दिव्य अनुष्ठान का समापन होगा।

# युवाओं के लिए ऑनलाइन कौशल विकास कार्यशाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश के प्रमुख शासकीय आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन संस्थान स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट द्वारा युवाओं, विद्यार्थियों, गृहिणियों तथा खाद्य एवं पेय पदार्थ निर्माण के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों के लिए दो निःशुल्क ऑनलाइन कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह संस्थान राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद नोएडा से संबद्ध तथा पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है। संस्थान के निदेशक डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' की अवधारणा को सशक्त बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने बताया कि पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम 'बेकरी डिलाइट्स-लाइव ऑनलाइन मास्टरक्लास' 11 एवं 12 जून को प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से सायं 4:45 बजे तक आयोजित होगी। विशेषज्ञ शेफ प्रतिभागियों को ब्रेड, लवाश, बन, पाव, केक एवं कुकीज़ बनाने की व्यावसायिक तकनीकों का लाइव प्रदर्शन करेंगे। 'मॉकटेल मैजिक – घर पर बनाएं आकर्षक पेय' 1 एवं 2 जुलाई 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के मॉकटेल, मोजिटो, क्रश एवं फ्यूजन ड्रिंक्स तैयार करने की विधियों के साथ-साथ उनकी आकर्षक प्रस्तुति, गार्निशिंग तथा छोटे व्यवसाय के लिए लागत निर्धारण (कॉस्टिंग) की जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण में तैयार किए जाने वाले सभी पेय पदार्थों की रेसिपी सामान्य घरेलू सामग्री पर आधारित होंगी।

# मध्य प्रदेश के जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंटों में नई 15x3 स्कोरिंग प्रणाली लागू होगी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश बैडमिंटन संघ एमपीबीए द्वारा गत 28 मई को जारी परिपत्र के अनुसार, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 आयु वर्गों की सभी एम.पी. स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट और स्टेट चैंपियनशिप में 3 ́ 15 अंकों की नई स्कोरिंग प्रणाली तत्काल प्रभाव से लागू की जाएगी। यह निर्णय भारतीय बैडमिंटन संघ बीएआई के 20 मई के परिपत्र के अनुपालन में लिया गया है। एक जानकारी मै इंदौर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव आर पी सिंग नैय्यर बताया कि नई प्रणाली की शुरुआत गोल्डन ट्रॉफी मध्य प्रदेश स्टेट मिनी (अंडर-9 और अंडर-11) एवं सबजूनियर (अंडर-13 और अंडर-15) बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 से होगी, जो 21 से 27 जून तक गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर, म.प्र. में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 2 लाख रुपए है। संशोधित प्रारूप के अंतर्गत मैच बेस्ट ऑफ 3 गेम का होगा तथा प्रत्येक गेम 15 अंकों तक खेला जाएगा। यह व्यवस्था निर्धारित जूनियर श्रेणियों के लिए वर्तमान 21 ́ 3 अंक प्रणाली का स्थान लेगी।

# आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी पर रिसर्च करेगा आईआईएम इंदौर

**इंदौर।** आईपीएल-2026 में बल्ले से तूफान मचाने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी अब सिर्फ क्रिकेट मैदान तक सीमित नहीं रह गए हैं। उनकी असाधारण सफलता और कम उम्र में मिली बेशुमार लोकप्रियता अब देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में से एक के लिए शोध का विषय बनने जा रही है। भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर यह अध्ययन करेगा कि कम उम्र में मिली प्रसिद्धि, सफलता और उससे पैदा होने वाला दबाव किसी विलक्षण प्रतिभा के भविष्य को किस तरह प्रभावित करता है। आईआईएम इंदौर के निदेशक हिमांशु राय ने बताया कि इस अध्ययन का मकसद केवल वैभव की क्रिकेट उपलब्धियों का विश्लेषण करना नहीं है, बल्कि उन तमाम कारकों को समझना है जो किसी बाल प्रतिभा को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भूमिका निभाते हैं। संस्थान यह जानने की कोशिश करेगा कि व्यक्तित्व, व्यवहार, अभ्यास की शैली, पारिवारिक सहयोग, कोचिंग और सामाजिक माहौल जैसे तत्व सफलता की कहानी में कितने अहम होते हैं।

# आईपीएल 2026 के बाद बढ़ गए हैं वैभव सूर्यवंशी के 'भाव', पहले लेते थे 1 करोड़ रुपये फीस और अब...

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2026 में तहलका मचाने वाले 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने टूर्नामेंट से करोड़ों रुपये कमाए। इसके अलावा अलावा उन्हें पहले से एंडोर्समेंट डील भी मिल रही थीं और अब आईपीएल के बाद तो और भी ज्यादा उन्हें नई-नई डील्स के ऑफर आ रहे हैं। ऐसे में वैभव सूर्यवंशी के भी भाव बढ़ गए हैं। पहले एक एंडोर्समेंट के लिए वैभव सूर्यवंशी करीब एक करोड़ रुपये चार्ज कर रहे थे, लेकिन अब नई फीस को उन्होंने डेढ़ से दो गुना तक बढ़ा दिया है। इस तरह की रिपोर्ट सामने आई है।

आईपीएल के 19वें सीजन में पांच बड़े अवॉर्ड्स अपने नाम करने वाले राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने कुछ ही समय में अपना नाम क्रिकेट की दुनिया में बना लिया है। ऐसे में कंपनियां भी उनके पीछे-पीछे दौड़ रही हैं।


**कार्यालय नगर पालिका निगम, इंदौर**

**सरदार वल्लभभाई पटेल झोन क्र.19**

**जाहिर सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री महेन्द्र यादव पिता शंकरलाल यादव, पूर्व स्वामी का नाम-श्रीमती रुशवती धुर्वे पति श्री वेसाखू धुर्वे, कीर्ति धुर्वे** पिता वेसाखू धुर्वे द्वारा झोन क्र.19 राजस्व विभाग पर नामांतरण आवेदन क्र. 357 दिनांक 29/05/2026 के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिसनाते प्रस्तुत कर आई.डी. नम्बर 1004499888 पता 232/14 पार्ट ए साऊथ साईट पार्ट पिपलियाहाना इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ती प्रस्तुत करें।

नोट-अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जाएगी !

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्र.19**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **दिव्यांशु प्रधान पिता मुकेश प्रधान** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखण्ड नम्बर 112-जी आस्था पैलेस कालोनी प्रजापत नगर इन्दौर पिन नं. 1003114618 का भाग सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री जगदीश कुमार जोशी पिता स्व. पुरुषोत्तम जोशी** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड/मकान नं. बी 101 दक्षिण का भाग सुदामा नगर इन्दौर पिन नं.1001226148 का भाग सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती केशरबाई वैष्णव पति बाबूलाल वैष्णव** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/खसरा नं. 525/315/314 पैकी प्रायवेट भाग क्र. ए-2 (प्रायवेट नं. ए-2/9) सिरपुर इन्दौर पिन नं.9000215800 का भाग सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# आज से शहर में एमपीएल का रोमांच

## टी-20 क्रिकेट में प्रदेश के खिलाड़ी धमाल करने को तैयार





**इंदौर ।** आईपीएल की चमक-धमक के बाद अब क्रिकेट प्रेमियों की नजरें मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 क्रिकेट स्पर्धा पर टिक गई हैं। आज से इंदौर के होलकर स्टेडियम में एमपीएल के तीसरे सत्र का आगाज होने जा रहा है। पहली बार यह लीग इंदौर में आयोजित हो रही है, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में खास उत्साह देखा जा रहा है। कुछ मुकाबले डेली कॉलेज मैदान पर भी खेले जाएंगे। इससे पहले लीग के दोनों सत्र ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित हुए थे। पुरुष वर्ग में 12 और महिला वर्ग में पांच खिलाड़ी विभिन्न टीमों की ओर से मैदान में उतरेंगे।

**रजत पाटीदार पर रहेंगी नजरें-** हाल के वर्षों में मध्य प्रदेश से निकले सबसे कामयाब क्रिकेटर्स में से एक, पाटीदार ने घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट दोनों में शानदार तरक्की की है। मध्य प्रदेश को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाने से लेकर आईपीएल मंच पर खुद को एक लीडर के तौर पर स्थापित करने तक, दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार अब अपने जाने-पहचाने माहौल में वापस लौट रहे हैं। उनका लक्ष्य ग्वालियर चीताज को उसका पहला खिताब जिताना है। ग्वालियर चीताज की टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और होनहार युवा प्रतिभाओं का शानदार मेल है। इस टीम में मंगेश यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो 2025 सीजन में 14 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इसके अलावा, टीम को हेड कोच आदित्य श्रीवास्तव के मार्गदर्शन का भी फायदा मिलेगा, जिनके मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी 2022 का खिताब जीता था। टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले पर सभी की निगाहें टिकी होंगी, जब पाटीदार की टीम अपने पहले एमपीएल अभियान में उज्जैन फाल्कंस का सामना करेगी। इस अभियान से पहले पाटीदार ने कहा, मध्य प्रदेश में वापस आकर खेलना हमेशा एक खास एहसास होता है। पिछले कुछ महीने यादगार रहे हैं, लेकिन हर नया टूर्नामेंट नई चुनौतियां और नया जोश लेकर आता है। एमपीएल राज्य में क्रिकेट के लिए एक अहम मंच बन गया है। मैं एक बार फिर ग्वालियर चीताज का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं। हमारे पास एक प्रतिभाशाली स्क्वॉड है, एक मजबूत सपोर्ट स्टाफ है, और एक ऐसा ग्रुप है, जो कामयाब होने के लिए बेताब है। हमारा ध्यान सकारात्मक क्रिकेट खेलने और ट्रॉफी घर लाने का सबसे अच्छा मौका बनाने पर है।

वहीं दूसरी ओर उज्जैन फाल्कंस पहली बार इस टूर्नामेंट में शिरकत कर रही है। माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंचाइजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है। आईपीएल में तीन मैचों में चार विकेट लेने वाले माधव के अलावा टीम में यश दुबे, चंचल राठौर, आर्यन पांडे और सोहम पटवर्धन जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल हैं। पूर्व मध्य प्रदेश क्रिकेटर सुनील धोलपुरे के मार्गदर्शन में टीम ने हाल के दिनों में नेट्स पर खूब पसीना बहाया है। टीम का पूरा ध्यान लीग शुरू होने से पहले सही लय हासिल करने पर है।

# ऑस्ट्रेलिया ने कर लिया हिसाब चूकता, पाक को हराया

**लाहौर ।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज के दूसरे मुकाबले में मेजबान पाकिस्तान को हार मिली। इस तरह अब ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में बराबरी कर ली है। तीसरा मुकाबला अब सीरीज डिसाइडर होगा। दूसरे मैच में पाकिस्तान की टीम 200 रनों से पहले ऑलआउट हो गई और 232 रनों के टारगेट को भी चेज नहीं कर पाई। बाबर आजम, सलमान अली आगा और साहिबजादा फरहान इस मुकाबले में बुरी तरह फेल रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए नैथन एलिस ने कहर बरपाया, जो प्लेयर ऑफ द मैच रहे, क्योंकि 4 विकेट उन्होंने चटकाए। शादाब खान की 71 रनों की पारी बेकार गई, क्योंकि उन्हें अन्य बल्लेबाजों से साथ नहीं मिला।



पाकिस्तान को पहली गेंद पर विकेट मिल गया था, जब एलेक्स कैरी को शाहीन अफरीदी ने बोल्ड कर दिया था। इसके बाद छोटी सी साझेदारी हुई थी, लेकिन दो और विकेट गिर गए थे। हालांकि, कैमरोन ग्रीन की 53 और कप्तान जोश इंग्लिस की 51 रनों की पारी के दम पर टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 231 रनों तक पहुंचने में सफल हुई। 31 रन ओलिवर पीक ने बनाए। पाकिस्तान के लिए कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट निकाले, जबकि 2-2 विकेट हारिस राउफ, अराफात मिन्हास और माज सदाकत ने निकाले।

पाकिस्तान के सामने 232 रनों का लक्ष्य था, लेकिन मेजबान टीम 190 रनों पर ही ढेर हो गई और मुकाबला 41 रनों के अंतर से हार गई। इस मैच में पाकिस्तान की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। उन्होंने 4 रन पर पहला और 6 रन पर दूसरा विकेट गंवा दिया। इसके बाद 33 पर तीसरा और 44 रन पर चौथा विकेट गंवा दिया। इसके बाद टीम संभल नहीं पाई और लगातार अंतराल पर विकेट उनके गिरते चले गए, जिससे टीम इस मैच में संभल ही नहीं पाई। पाकिस्तान के लिए ऑलराउंडर शादाब खान ने 71 रनों की पारी खेली, जबकि विकेटकीपर गाजी घोरी ने 37 रन बनाए। 33 रन अराफात मिन्हास के बल्ले से भी आए। हालांकि, ये रन टीम को जीत दिलाने में काफी नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम 44 ओवर में 190 रनों पर ही ढेर हो गई थी।

## फ्रेंच ओपन में ज्वेरेव ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

**पेरिस ।** दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह 6 साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। पिछले साल यहां फाइनल में पहुंचे ज्वेरेव को कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर पहले सेट में 19 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 29 साल के ज्वेरेव बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2 घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की। सिर्फ 19 साल की उम्र में मीरा एंड्रीवा दूसरी बार फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल हो गई हैं। रूस की एंड्रीवा ने मंगलवार को सोराना क्रिस्टी को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त देकर तीन साल में दूसरी बार लाल बजरी पर अंतिम चार का टिकट कटाया।

## रोमांचक मुकाबलों के साथ बंसीलाल सिलावट स्मृति सेवन साइडर हॉकी टूर्नामेंट प्रारम्भ



**इंदौर।** रोमांचक मुकाबलों के साथ स्वर्गीय दादा बंसीलाल सिलावट स्मृति सेवन साइडर हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। शहर के खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का मौका देने के लिए प्रकाश हॉकी क्लब द्वारा यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। प्रकाश हॉकी क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि स्पर्धा में 12 साल के बच्चों को अवसर दिया गया है, क्योंकि यही खिलाड़ी भविष्य के सितारे बनते हैं। प्रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित अभ्यास स्थल में स्पर्धा का शुभारंभ विनीता नेगी, डॉ. मंदाकिनी सिलावट और शुभा रंजन चटर्जी के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान सरवर खान, अशोक यादव, प्रेम प्रजापत, रेहान अंसारी और अजय सारडा, बंटी यादव और बालकिशन रायकवार भी उपस्थित थे। संचालन प्रथमेशराजे सिलावट ने किया। आभार हलीम खान ने माना। लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली जा रही प्रतिस्पर्धा ग्रुप ए का प्रथम मुकाबला हॉकी यूनिट विरुद्ध प्रकाश हॉकी क्लब के मध्य खेला गया। हॉकी यूनिट की ओर से रेहान शेख का गोल कर अपनी टीम को बदत दिलाई मध्यांतर के बाद अंतिम क्षणो में प्रकाश हॉकी क्लब के अभय रायकवार द्वारा बराबरी का गोल किया गया। समूह बी का प्रथम मुकाबला आईएटीवीइ विरुद्ध किशन दादा टीम के मध्य खेला गया जिसमें आईएटीवीइ के कप्तान मयंक वर्मा ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई।



**कैप्सी और नाइट के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड महिला जीती**

# भारतीय महिलाएं तीसरा मैच हारी, सीरीज भी गंवाई

**टॉन्टन ।** इंग्लैंड महिला टीम ने मंगलवार को टॉन्टन में खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत महिला टीम को छह विकेट से हराकर 181 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के संयमित नाबाद अर्धशतक और मध्य क्रम के बहुमूल्य योगदान की बदौलत अपने निर्धारित 20 ओवरों में 180/5 का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। हरमनप्रीत ने 56 रन बनाकर पारी को संभाला, वहीं दीप्ति शर्मा ने 32 रन और जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 रन की तेज पारी खेली। एक समय ऐसा लग रहा था कि भारत बड़ा स्कोर बना लेगा, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने पारी के अंतिम चरणों में समय पर विकेट लेकर और डेथ ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी करके स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। मेजबान टीम की ओर से तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने दो विकेट (2/36) लिए। कप्तान शार्लोट डीन (1/33) और लिन्से स्मिथ (1/40) ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में, इंग्लैंड को शुरुआती झटका लगा जब भारत ने उन्हें 38/3 पर समेट दिया, जिससे मेहमान टीम ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। हालांकि, एलिस कैप्सी और हीथर नाइट की मैच जिताने वाली साझेदारी ने खेल का रुख नाटकीय रूप से बदल दिया। कैप्सी ने शुरुआत से ही भारतीय गेंदबाजों पर हमला बोलते हुए शानदार 82 रनों की पारी खेली, वहीं नाइट ने उनका बखूबी साथ देते हुए तेजी से रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज ने तेजी से अर्धशतक पूरा किया और इस जोड़ी ने भारत के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर दिया, जिससे इंग्लैंड के पक्ष में निर्णायक रूप से मैच का रुख बदल गया। दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर 137 रनों की एक महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसने न केवल पारी को संभाला बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि आवश्यक रन रेट कभी भी नियंत्रण से बाहर न हो जाए। तेज और स्पिन दोनों गेंदबाजों के खिलाफ उनके आक्रामक रवैये ने भारत को जवाब ढूंढने पर मजबूर कर दिया, क्योंकि इंग्लैंड ने धीरे-धीरे लक्ष्य का पीछा करने पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। मजबूत नींव रखे जाने के बाद, इंग्लैंड ने पारी के अंतिम चरणों में आसानी से लक्ष्य का पीछा पूरा किया और एक यादगार जीत दर्ज करते हुए श्रृंखला अपने नाम कर ली। हीथर नाइट 70 रन बनाकर नाबाद रहीं और मेजबान टीम ने 18.3 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैचों की टी20 सीरीज जीत ली।

# कॉलेज की कॉमन महिला मित्र को लेकर विवाद में चाकूबाजी करने वाले तीन छात्र गिरफ्तार

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक कॉमन महिला मित्र से बातचीत को लेकर हुए विवाद के बाद, कुछ छात्रों ने अपने ही सहपाठी को बातचीत के बहाने मैदान में बुलाया और उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। लसूड़िया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना रेनेसॉं कॉलेज के छात्रों से जुड़ी है। गत 30 मई की रात लगभग 10:30 बजे थाना लसूड़िया क्षेत्रांतर्गत बावड़ी हनुमान मंदिर के पीछे स्थित खाली मैदान में यह खूनी संघर्ष हुआ। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र आर्यन मुकाती और उसके सहपाठी उज्जल प्रजापत के बीच उनकी एक कॉमन महिला मित्र को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। कॉलेज में हुई इसी मामूली कहासुनी के बाद आरोपी उज्ज्वल प्रजापत ने रंजिश पाल ली और आर्यन मुकाती को मामले को सुलझाने व बातचीत करने के बहाने अगले दिन रात में बावड़ी हनुमान मंदिर के पीछे स्थित मैदान में बुलाया। आरोपी उज्ज्वल के बुलाने पर आर्यन मुकाती अपने कुछ दोस्तों को साथ लेकर तय स्थान पर पहुंचा। वहां आरोपी उज्ज्वल प्रजापत अपने अन्य



साथियों शत्रुघ्न शेखावत और अभिषेक वाल्टर के साथ पहले से ही घात लगाकर बैठा था। आर्यन के वहां पहुंचते ही तीनों आरोपियों ने उसे घेर लिया और अश्लील गालियां देते हुए विवाद शुरू कर दिया। जब आर्यन और उसके दोस्तों ने विरोध किया, तो आरोपियों ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकाला और आर्यन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चाकूबाजी की इस घटना में आर्यन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले, जिसके बाद घायल आर्यन को उसके दोस्तों ने तुरंत गंभीर हालत में उपचार के लिए नजदीकी ज्योति हॉस्पिटल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही लसूड़िया थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर और फिर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शुरुआत में मारपीट और चोट पहुंचाने की धाराओं में केस दर्ज किया था, लेकिन मामले की गंभीरता और चोटों के निशान को देखते हुए विवेचना के दौरान प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा में इजाफा किया गया। पुलिस उपायुक्त और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर लसूड़िया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और हमले में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम शत्रुघ्न शेखावत निवासी स्कीम नंबर-78, ,उज्ज्वल प्रजापत निवासी तिलक नगर, इंदौर स्थायी पता– तहसील थांदला, जिला झाबुआ और अभिषेक वाल्टर निवासी आश्रय बॉयज हॉस्टल, एम.आर.-9, बताये जा रहे हैं।पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया खून से सना चाकू भी विधिवत जब्त कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों का पुराना रिकॉर्ड खंगाल रही है और मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने दो थाना क्षेत्रों में चलाया ढाबा पर चैकिंग अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



पुलिस को सूचना मिल रही थी कि ढाबा पर शराब पिलाई जा रही है इसी कड़ी में थाना हीरा नगर और बाणगंगा ने थाना क्षेत्र के आउटर एरिया के ढाबा पर पहुंचकर चैकिंग अभियान चलाया और जहां शराब की गतिविधि मिली वहां आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई भी की। हीरा नगर थाना प्रभारी सुशील पटेल और बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर के साथ पुलिस बल की संयुक्त तैनाती की और आउटर एरिया पर चैकिंग की गई। टीम ने एमआर-10, सुपरकॉरिडोर, उज्जैन रोड के सभी ढाबो पर आकस्मिक रूप से दबिश दी गई। उक्त कार्यवाही में कुल 25 ढाबो को चेक किया गया। जहाँ 14 पर बैठकर शराब पिलाई जा रही थी जिन सभी पर आबकारी अधिनियम की धारा 36 (ए) में प्रकरण पंजीकृत किया जाकर वैधानिक कार्यवाही की गई। इसके साथ ही संचालक द्वारा कार्यरत कर्मचारियों की सूचना भी थाने पर नहीं दी गई जिस पर 223 बीएनएस की कार्यवाही भी की गई है। उक्त प्रकरण में सभी पर कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई हैं और भविष्य के लिए आगाह कर सख्त हिदायत भी दी गई है।

# 12 साल की छात्रा ने लगाई फांसी

**इन्दौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के प्रगति नगर में एक 12 वर्षीय बालिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका का नाम राधिका पिता दिवंगत राकेश बताया गया है, जिसने इसी वर्ष पांचवीं की परीक्षा पास की थी और छठी कक्षा में पहुँची थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना के समय बालिका की मां काम पर गई हुई थी और घर में राधिका के साथ उसकी छोटी बहन और भाई ही मौजूद थे। काफी देर तक जब राधिका ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला, तो छोटी बहन ने अनहोनी की आशंका में दरवाजे की दरार से अंदर झांका। अंदर का मंजर देख उसकी चीख निकल गई,राधिका फंदे पर लटकी हुई थी। मासूम बहन के शोर मचाने पर तुरंत पड़ोसी जमा हुए और उन्होंने एरोड्रम पुलिस को घटना की सूचना दी। काम पर गई मां को जब बेटी की मौत की खबर मिली, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। बताया जा रहा है कि बच्ची के पिता का पहले ही देहांत हो चुका है और मां ही मेहनत-मजदूरी कर बच्चों को पाल रही थी। बालिका ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग के अलग-अलग बैंक खातों से उड़ाए 1 लाख रुपये

**इन्दौर।** महू इलाके के ग्राम आंबाचंदन में साइबर ठगों द्वारा एक बुजुर्ग को निशाना बनाकर उनके खातों से ऑनलाइन 1 लाख रुपये उड़ाने का मामला सामने आया है।

किशनगंज पुलिस ने फरियादी मुकेश पाटीदार पिता राजाराम पाटीदार, निवासी आंबाचंदन की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केश दर्ज किया है। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि, यह वारदात 7 मार्च की रात 8 बजे से 8 मार्च की रात 11 बजे के बीच हुई। इस दौरान अज्ञात शातिर ठग ने उनके अलग-अलग बैंक खातों में सेंध लगाकर ऑनलाइन माध्यम से करीब एक लाख रुपये साफ कर दिए। खातों से पैसे कटने के मैसेज देखने के बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मर्ग कायम कर बैंक खातों के ट्रांजैक्शन डिटेल के आधार पर साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# अभि तोमर हत्याकांडः मुख्य आरोपी डीलू को छिपाने और भगाने में मदद करने वाले पिता और पत्नी गिरफ्तार





**इन्दौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने बीती 21 मई को हुए चर्चित अभितेंद्र उर्फ अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने फरार मुख्य आरोपी चंद्रकांत उर्फ डीलू लहारिया को संरक्षण देने, छिपाने और पुलिस गिरफ्तारी से बचाने में सहयोग करने के आरोप में उसकी पत्नी और पिता को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में 5 आरोपी पहले ही सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं। लसूडिया पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि फरार मुख्य आरोपी डीलू लहारिया की पत्नी प्रीति और उसके पिता राजेंद्र कुमार शर्मा मिलने के लिए भिंड से इंदौर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल जाल बिछाया और देवगुराड़िया के पास घेराबंदी कर दोनों को हिरासत में ले लिया।पुलिस पूछताछ और अब तक मिले साक्ष्यों के आधार पर यह साफ हुआ है कि दोनों आरोपियों को हत्याकांड की जानकारी पहले से थी और वे जानबूझकर मुख्य आरोपी डीलू को कानून से बचाने में मदद कर रहे थे। पुलिस ने भिंड शास्त्री कॉलोनी, लश्कर मेन रोड निवासी प्रीति लहारिया (33) और राजेंद्र कुमार शर्मा (66) को बीएनएस की धारा 61(2) के तहत सह-आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस अब मुख्य आरोपी डीलू की तलाश में जुटी है।

# होटल में महिला सहकर्मी से ज्यादती

## कमरे में बंधक बनाकर किया बलात्कार, अश्लील फोटो खींच पति को जान से मारने की दी धमकी

**इन्दौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के निपानिया स्थित एक होटल में काम करने वाली महिला के साथ वहीं के एक सहकर्मी द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल पीड़िता के साथ गलत काम किया, बल्कि उसके अश्लील फोटो खींचकर पति को भेजने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी।

लसूडिया पुलिस ने 28 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी रवींद्र पिता छोटे लाल जाटव के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना 8 अप्रैल को होटल की दूसरी मंजिल पर हुई। सुबह करीब 11 बजे आरोपी रवींद्र ने उसे किचन के काम में मदद और कमरे की सफाई के बहाने दूसरी मंजिल पर स्थित एक कमरे में बुलाया। महिला जैसे ही कमरे के अंदर पहुंची, आरोपी ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और उसके साथ जबरदस्ती की। इस दौरान आरोपी ने अपने मोबाइल से पीड़िता के अश्लील फोटो भी खींच लिए। वारदात के बाद आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि यदि पुलिस में शिकायत की, तो वह ये फोटो उसके पति को भेज देगा और इंटरनेट पर वायरल कर देगा। आरोपी ने पीड़िता के पति को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश और आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# हम नहीं सुधरेंगे...अंदर जगह नहीं तो बाहर खड़े होंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में ई-रिक्शाओं के लिए प्रशासन ने भले ही झोन तैयार कर दिए हो लेकिन अभी भी कई रिक्शा नियमों का पालन नहीं करती है। क्षमता से अधिक सवारी बैठाना तो इन ई-रिक्शा चालकों के लिए आम बात है। पिपलियाहाना चौराहा पर एक ई-रिक्शा पर पीछे एक युवक लटका हुआ सफर कर रहा है। वहीं ई-रिक्शा के अंदर भी क्षमता से अधिक सवारी बैठी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।